CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 23°C

मुरादाबाद, सोमवार 18 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 3 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग को दी नसीहत पेज 2



सूर्य कुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट किया पास खेल टाइम्स




निर्वाचन आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस, जवाब 'NEXT' सम्पादकीय



पाकिस्तान में बाढ़ से हालात हुए बेकाबू 327 लोग गंवा चुके जान पेज 12

# राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा शुरू

## भाजपा की साजिश एसआईआर कराने और बिहार के चुनाव भी चुराने की है: राहुल गांधी

सासाराम, वार्ता

■ बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी यात्रा

**राहुल गांधी** ने रविवार को बिहार के सासाराम से मतदाता अधिकार यात्रा की शुरुआत की।

यात्रा बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव जीतने के चार महीने बाद बीजेपी महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव जीत जाती है। जबकि ओपिनियन पोल हमारे पक्ष में था। हालांकि जब हमने इसकी गहराई से पड़ताल की, तो पता चला कि




विधानसभा चुनाव से पहले हर विधानसभा क्षेत्र में लाखों वोटर जोड़े गए, जिसकी बदौलत भाजपा चुनाव जीत गई। अब यही कारनामा बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर के जरिये बिहार में किया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर भाजपा हर चुनाव कैसे जीत जाती है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के माध्यम से जो वोट चोरी की जा रही है, उसे हम पूरे बिहार की जनता को दिखाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान और मताधिकार को बचाने की लड़ाई है। हम गरीबों के वोट की चोरी नहीं होने -शेष पृष्ठ दो पर

# जम्मू-कश्मीर के कठुआ में तीन जगह बादल फटा, सात की मौत

नई दिल्ली, वार्ता



■ बीते तीन दिन में दूसरी घटना, कई घायल, हिमाचल के कुल्लू में भी बादल फटने से तबाही

**जम्मू- कश्मीर** व हिमाचल प्रदेश में रविवार सुबह बादल फटा है। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की ये बीते 3 दिन में दूसरी घटना है। रविवार को कठुआ जिले में बॉर्डर से सटे इलाके में 3 जगह बादल फटा। जोद घाटी इलाके में 7 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं।

जोद के अलावा मथरे चक, बगार्ड-चंगड़ा और दिलवान-हुटली में भी लैंडस्लाइड हुई। लैंडस्लाइड के बाद जोद गांव का शहर से संपर्क टूटा गया था, काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम गांव पहुंची। घरों में कई फीट तक पानी-मलबा भरा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कठुआ डिप्टी एसपी राजेश शर्मा ने कहा कि लैंडस्लाइड में 2 से 3 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। 6 लोगों के फंसे होने की सूचना है। जांगलोट समेत नेशनल हाईवे पर कई जगह पर सड़क को नुकसान पहुंचा है। रेलवे ट्रैक भी बाधित है। वहीं -शेष पृष्ठ दो पर

### मुंबई में भारी बारिश, चंडीगढ़-मनाली हाईवे बंद यूपी में बाढ़ में फंसी गर्भवती की नाव पर मौत

**नई दिल्ली।** कुछ दिन के ब्रेक के बाद मानसून एक बार फिर से एक्टिव हो गया है। हिमालय के राज्यों में बादल फटने की घटनाएं हो रही हैं। वहीं मैदानी इलाकों बाढ़ का पानी फसलों और रिहायशी इलाकों को नुकसान पहुंचा रहा है। मुंबई शहर, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग के अलावा कोंकण और गोवा में अचानक बाढ़ आने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में अस्पताल जा रही गर्भवती महिला की नाव पर ही मौत हो गई। मड़इया गांव बाढ़ के पानी से घिरा है। ऐसे में परिजनों ने प्रसव पीड़ा होने पर नाव से आशा कार्यकर्ता को बुलाया। आशा कार्यकर्ता ने जांच के बाद अस्पताल ले जाने को कहा। पडिण्त और आशा कार्यकर्ता जमुना को नाव में लिटाकर अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मध्य प्रदेश में भी बाढ़ के हालात हैं।

### उपराष्ट्रपति चुनाव में सीपी राधाकृष्णन होंगे एनडीए के उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की बैठक में इस पर सहमति बनी। नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका ऐलान किया।
राधाकृष्णन 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितम्बर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

# सीईसी की राहुल गांधी को चेतावनी

## सीईसी ने कांग्रेस नेता के आरोपों को किया सिरे से खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। सीईसी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के आरोपों को सिरे से खारिज किया।

उन्होंने कहा कि सिर्फ पीपीटी दिखाने से, वो भी जिसमें आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं, झूठ सच नहीं हो जाता। आपको सबूत देना होगा। उन्होंने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए चेतावनी दी कि हलफनामा दें या देश से माफी मांगें? तीसरा कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सात दिन में हलफनामा नहीं दिया, तो आरोप निराधार मान लिए जाएंगे। उन्होंने बिहार एसआईआर की कवायद में जल्दबाजी के आरोप पर कहा कि कुछ लोग गुमराह कर रहे हैं कि एसआईआर की कवायद इतनी जल्दी क्यों की जा रही है? आप बताइए कि मतदाता सूची को चुनाव से पहले दुरुस्त करना चाहिए या बाद में? ऐसे में चुनाव आयोग अपना काम ही कर रहा है। जनप्रतिनिधित्व कानून कहता है कि आपको हर चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करना होगा। यह चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। फिर सवाल उठा कि क्या चुनाव समिति बिहार के सात करोड़ से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंच पाएगी? सच्चाई यह है कि यह काम 24 जून को शुरू हुआ था। पूरी प्रक्रिया लगभग 20 जुलाई तक पूरी हो गई थी। दो एपिक वाले मतदाता कार्ड पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि डुप्लिकेट ईपीआईसी दो तरह से हो सकते हैं। एक तो ये कि एक व्यक्ति जो पश्चिम बंगाल में है, जो अलग व्यक्ति है, उसके पास एक ईपीआईसी नंबर है और दूसरा व्यक्ति जो हरियाणा में है, उसके पास वही ईपीआईसी नंबर है।



■ कहा: हलफनामा दें या देश से माफी मांगें, तीसरा कोई रास्ता नहीं

### सीईसी ने वार्ता में पत्रकारों के सवाल का कोई जवाब नहीं दिया: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि चुनाव आयोग ने जिंदा लोगों को मरा हुआ घोषित कर दिया। इस पर पत्रकार वार्ता में पत्रकारों के सवाल का कोई जवाब नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने उन लोगों को भी वोटर लिस्ट से हटा दिया, जिन्होंने अभी लोकसभा चुनाव में वोट डाला था। इस आरोप का भी कोई जवाब नहीं दिया गया। चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस बैक फायर कर गई है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव आयोग ने एक बार फिर डिजिटल, मशीन-रीडेबल वोटर रोल देने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अब सीसीटीवी फुटेज न देने के लिए बहाने पर बहाना बना रही है। पहले वोट चोरी दबे पांव, दुबक कर की, अब एसआईआर के नाम पर खुलेआम की जा रही है।

### शुभांशु का स्वदेश आगमन पर भव्य स्वागत

**नई दिल्ली।** एक्सिओम-4 मिशन के तहत आईएसएस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का अमेरिका से स्वदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।




# SIR विवाद के बीच मोदी का विपक्ष पर तंज

## दिल्ली-एनसीआर को लगभग 11 हजार करोड़ की दी सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया उद्घाटन

■ जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे, वे जनता से दूर हो चुके हैं



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) को लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी।

उन्होंने दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में दिल्ली खंड का द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) शामिल हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार दिल्ली के चारो तरफ है। यह दिखाता है जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। वे जनता से दूर हो चुके हैं। जमीन से दूर हो चुके हैं। जहां ये कार्यक्रम हो रहा है, उस स्थान का नाम रोहिणी, जन्माष्टमी का उल्लास और संयोग से मैं भी द्वारिकाधीश की भूमि से हूं। पूरा माहौल कृष्णमय हो गया है। अगस्त का ये महीना आजादी और क्रांति के रंग में रंगा होता है। आजादी के इसी महोत्सव के बीच आज देश की राजधानी दिल्ली, देश में हो रही विकास क्रांति की साक्षी बन रही है। उन्होंने कहा कि थोड़ी देर पहले दिल्ली को द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड की कनेक्टिविटी मिली है। इससे दिल्ली के, गुरुग्राम के और पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। दफ्तर आना-जाना, फैक्ट्री आना-जाना और आसान होगा, सभी का समय बचेगा। हमारे -शेष पृष्ठ दो पर

## एक नजर

### मिलेनियम में गूंजे आजादी के तराने



**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य अजय कुमार एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम, कोऑर्डिनेटर शालिनी चौहान व सतेंद्र कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यार्थियों देशभक्ति गीत, नृत्य, कविताएं एवं नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और देश की एकता के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन संचिता वर्मा, वैशाली कश्यप, बालेश कुमार, कृष कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुशलपाल सिंह, विनोद कुमार, आनंद चौधरी, अर्चना चौधरी, सचिन कुमार, गुफरान अहमद, अमन कुमार वर्मा, शिल्पी, ऋतु, नीलम रानी, उपासना, अमृत राज, शारिक अहमद, नौशाद जहां, रुषम रानी, प्रीति रानी, रोहिताश सिंह, शिवानी त्यागी, सतीश कुमार, विकास शर्मा का सहयोग रहा।

### पदाधिकारियों को वितरित किए प्रमाण पत्र



**शिवाला कलां।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिवाला कला व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर व्यापारियों की समस्या पर चर्चा हुई तथा संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी युवा तसलीम अहमद इदरीसी, महिला मोर्चा भी उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यदि कोई ऐसा करता है, तो उसका विरोध संगठन द्वारा किया जाएगा। नगर अध्यक्ष हाजी रियाजुद्दीन, नगर महामंत्री राजन कुमार, नगर प्रभारी सचिन राजपूत व अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

### जनता बाल निकेतन में कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** जनता बाल निकेतन जूनियर हाई स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोहन लिया। ध्वजारोहण मुख्य अतिथि रिजवान अहमद ने किया। माजिद अहमद, सुनीता गुप्ता, इस्लामी फंड के मैनेजर नफीस खान, आदिल अख्तर, रुश्दा हाशमी, शमशाद अहमद, मास्टर हाफिज, दिलशाद अहमद, मौहम्मद शाहिद मौजूद रहे। सांस्कृतिक एवं देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्ति तहसीलदार शमीम अहमद ने कहा कि देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों की बहुत बड़ी कुर्बानी है। देश के हजारों लोगों ने अपनी जान की कुर्बानी देकर देश को आजाद कराया है।

# मरियम स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की धूम

## अनुशासन, ईमानदारी और एकता को प्राथमिकता देने का आह्वान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर की विभिन्न शैक्षणिक व शासकीय संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल, स्थानीय मदरसों, नगर पालिका परिसर तथा थाना प्रांगण में तिरंगा फहरा कर देश की एकता व अखंडता के प्रति समर्पण का संकल्प लिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रबंधक मरियम साईम ने ध्वजारोहण किया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक मरियम साईम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हम सभी के लिए गर्व का दिन है और हमें अपने देश के संविधान तथा लो. कतांत्रिक मूल्यों के प्रति सदैव निष्ठावान रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से देश हित में सदैव अनुशासन, ईमानदारी और एकता को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

मुस्लिम फंड व मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में मौहम्मद साईम राजा ने झंडा फहराया। इसके अलावा नगर के मदरसों में भी तिरंगा फहराया गया तथा विद्यार्थियों ने देशभक्ति तराने सुनाकर देश के प्रति सम्मान प्रकट किया।

नगर पालिका कार्यालय एवं थाना परिसर में भी गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। क्षेत्र में सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए।

# ध्वजारोहण कर दी तिरंगे को सलामी

## छात्र-छात्राओं, मदरसों के बच्चों व सामाजिक संस्थाओं ने निकाली तिरंगा यात्राएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों एवं धार्मिक स्थान एवं मदरसों में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई।



प्राप्त समाचार के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के मौके नगर पालिका परिसर में चेयरमैन फैसल वारसी, ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने तिरंगा फहराया। थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह व पुलिस स्टाफ, मुफ्ती अकील के मदरसे में पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन, समाजसेवी लड्डन लारा, शमशाद एड., खालिद चौधरी, डा. कफील चौधरी, शरीफ अहमद, कुरैशी फाउंडेशन के कार्यालय पर वरिष्ठ समाजसेवी डा. मनोज वर्मा, फहीम अहमद, कुरैशी फाउंडेशन के अध्यक्ष जुबेर कुरैशी, वरिष्ठ पत्रकार इकबाल अंसारी ने झंडा फहराया।

हाशमी नर्सिंग होम पर डा. एनडी हाशमी, डा. जानिब हाशमी, एमक्यू इंटर कॉलेज, स्योहारा डिग्री कॉलेज में नय्यर चौधरी, एमक्यू गर्ल्स इंटर कॉलेज में जकीउर्रहमान एड. व अफजाल अहमद, आरएसपी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य मधुबाला ने झंडा फहराया। व्यापार मंडल कार्यालय व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के पुत्र अमित कुमार वर्मा, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, लक्ष्य कॉलेज में वरिष्ठ भाजपा नेता राजपाल चौहान, अमित चौहान, अनुराग चौहान ने, वर्मा जच्चा बच्चा नर्सिंग होम वरिष्ठ समाजसेवी डा. मनोज वर्मा, डा. लिपि सेन वर्मा, अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड यूनिट पर चौधरी सुखवीर सिंह ने ध्वजारोहण किया।

रमन मेटरनिटी एंड सर्जिकल सेंटर पर डा.एचएस कालरा, पूर्व चेयरमैन हाजी अख्तर जलील ने, जैदी क्लीनिक पर डा. जुनैद जैदी, डा. शीबा जैदी भाजपा नेता मौहम्मद अकरम अंसारी, मौहम्मद अदनान अंसारी, कुरी हाउस में चौधरी फहीमुर्रहमान, कांग्रेस नेता नासिर उर्फ आदिल चौधरी, नय्यर चौधरी, जकीउर्रहमान ने तिरंगा फहरा कर सलामी दी तथा राष्ट्रीय गान गाया।

इस मौके पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा, वरिष्ठ समाजसे. वी डा. मनोज वर्मा, पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन, पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी, ईओ विजेंद्र सिंह पाल, वरिष्ठ समाजसेवी डा. नसीमुद्दीन हाशमी, महफूज चौधरी एड., नुसरतुल्लाह एड., वरिष्ठ बसपा नेता हाजी इलियास चौधरी, शुगर मिल अधिशासी चौधरी सुखवीर सिंह, मुकेश रस्तोगी, असजद चौधरी, अमित कुमार वर्मा, डा. खलिउल्ला, डा. हसन सिद्दीकी, भाजपा नेता आलोक अग्रवाल, भाजपा नेता डा.दानिश कमाल, कांग्रेस नगर अध्यक्ष खालिक चौधरी आदि ने कहा कि देश को आजाद कराने के लिए तमाम महापुरुषों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। आज हम उन सभी महान योद्धाओं को नमन करते हैं।

## एक नजर

### महिला सशक्तिकरण का संदेश



**हल्दौर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित सिसौदिया निवास पर नारी शक्ति फ्रेंड्स कॉलोनी समूह के बैनर तले बैठक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस दौरान समूह की कोषाध्यक्ष दीपमाला ने कहा कि आज की नारी समाज और राष्ट्र निर्माण की सशक्त धुरी है। उन्होंने महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और राष्ट्रहित में सक्रिय भागीदारी निभाने की प्रेरणा दी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। बच्चों ने देशभक्ति गीतों और कविताओं से वातावरण को भावनात्मक बना दिया, वहीं महिलाओं ने देश की आजादी में महिला शक्ति की भूमिका पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में वक्ता पवन ठाकुर ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज के आधुनिक दौर तक महिला शक्ति हर क्षेत्र में अग्रणी रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, समाज सेवा, राजनीति या सांस्कृतिक मंच हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी ने समाज को नई दिशा दी है। महिला सशक्तिकरण ही राष्ट्र की असली ताकत है और इसी के बल पर देश आगे बढ़ेगा। इस मौके पर महिलाओं ने यह भी संकल्प लिया कि वे शिक्षा, स्वच्छता और समाज सुधार जैसे अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम में वीना चौहान, मंजू सिंह, बीना मिश्रा, ज्योति रस्तौगी, प्रिया रस्तौगी, स्वाति रस्तौगी, सुनयना वर्मा, नीतू चौहान, हिमांशी चौहान सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। अध्यक्षता राखी लोईवाल ने कीं संचालन बबीता मारवाड़ी ने किया।

### अलम का जुलूस निकाला



**कोतवाली देहात।** अशराये चेहलुम स्थानीय इमामबाड़ा में आशरा ए चेहल्लुम को मजलिस उरूज अली खिताब कर रहे थे। इमाम बारगाह कोतवाली देहात से हैदर कमर अब्बास के नेतृत्व जुलूस अलम निकाला गया। जुलूस में मातमदारों ने नौहा और मातम करते हुए कर्बला की शहीदों को याद किया। जुलूस मुख्य चौराहे पर पहुंचा। जहां मौलाना गाजी (बिजनौर) ने कहा जितना मुकद्दस और बड़ा इम्तिहान था उतना ही बड़ा और मुकद्दस खानदान चुना गया। अली के बच्चों के अलावा किसी के बस की बात नहीं थी कि खुदा के दीन पर अपने बच्चों को कुर्बान करता। तारीख ए इंसानियत की सबसे लंबी तहरीक का नाम हुसैनीअत है। इमाम हुसैन ने सिर्फ एक वक्त के यजीद को नहीं ललकारा था बल्कि हर दौर के यजीदों को एक पैगाम छोड़ा था कि हक के वारिस कभी झुकते नहीं। कभी बिकते नहीं और कभी हार नहीं मानते। आज अरबाई पर नज्फ से कर्बला तक करोड़ों लोगों का मशी करना ये बताता है कि इमाम हुसैन का मकसद जिंदा है। आज पूरी दुनिया से हर मकतब ए फिक्र का इंसान अरबाईन के मौके पर लब्बैक या हुसैन की सदा बुलंद करके इस बात ही गवाही दे रहा हैं कि ऐ हुसैन हम आपके पैरोकार हैं और हम हर दौर में होने वाली जुल्म और आतंकवाद के खिलाफ हैं और यही हुसैनियत का असल मिशन है। जुलूस निर्धारित मार्गो से होता हुआ कर्बला पर जाकर संपन्न हुआ। जुलूस में अंजुमन हैदरी (सेथल) शारिक हुसैन (शोबी) आसिफ जैदी के साथ जीशान हैदर, जहीन नौगानवी, अनवार हैदर आदि ने नौहा पढ़ा। अशरा ए चेहल्लुम पर निजामत आजम जैदी कर रहे थे। प्रधान पति इमरान शमी कुरैशी, पूर्व प्रधान असलम कुरैशी, वारिस, जिला पंचायत सदस्य इमरान कुरैशी, राष्ट्रीय लोक दल युवा जिलाध्यक्ष जावेद जिया, शेख आफताब, अशरफ, साजिद, बबलू कुरैशी, डा.फुरकान आदि मौजूद रहे।

### हर्षोल्लास से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**शेरकोट।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूरी श्रद्धाभाव से मनाई गई। नगर के विभिन्न मंदिरों को भव्य ढंग से सजाया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने कृष्ण और राधा बनकर सबको मोहित कर लिया। पूरा नगर कृष्णमय हो गया तथा भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखा। मंदि. रों में भजन-कीर्तन का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया गया।



# स्कूल-कालेजों में स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम








**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरकारी कार्यालयों, स्कूलों-कॉलेजों और अन्य संस्थाओं में ध्वजारोहण कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार तहसील परिसर में एसडीएम रितु रानी ने ध्वजारोहण कर अमर शहीदों को नमन किया। इस मौके पर तहसील प्रशासन मौजूद रहा। पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर सीओ अभय पांडे ने ध्वजारोहण किया। वहीं कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक राजेश चौहान के नेतृत्व में तिरंगा फहराया गया और राष्ट्रगान हुआ।

विकास खंड अल्हैपुर में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान और खंड विकास अधिकारी मनवीर सिंह ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इसके बाद ब्लॉक परिषद स्थित शहीद स्थल पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर नीरज प्रताप सिंह, एडीओ पंचायत अनिल कुमार, ग्राम पंचायत सचिव व ब्लॉक के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कन्या इंटर कॉलेज में भी तिरंगा फहराने के बाद राष्ट्रीय गान हुआ। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस मौके पर उपाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गौरव कुमार अग्रवाल और प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या रेखा देवी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि शहीदों के बलिदान को याद कर जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लेने का दिन है।

विश्व भारती पब्लिक स्कूल के बच्चों ने नगर में प्रभातफेरी निकाली, जो नगीना चौक, नेजे सराय, खारी कुआं, भगत सिंह चौक, फल चौक, मोबाइल मार्केट और सुभाष चौक से होकर विद्यालय पहुंच कर समाप्त हुई। संजीव कुमार, विमल कुमार, नकुल कुमार, सचिन कुमार, मतशा, अलीशा, कृति गुप्ता, पारुल, संध्या, निधि और पूनम का विशेष सहयोग रहा। नगर पालिका परिषद में पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह और ईओ रवि शंकर शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद कर्मचारियों और सभासदों ने वृक्षारोपण किया। नगीना चौक पर 101 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया गया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने नगरवा. सियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग की अपील की। पीपलसाना स्थित श्री राम कॉलेज में डा. शिखा सिंह ने ध्वजारोहण किया। आरएसएम इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य ओपी यादव तथा आरएसएम महाविद्यालय में प्राचार्य डा. रश्मि शर्मा ने तिरंगा फहराया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा तथा स्टाफ मौजूद रहा।

# अखिलेश ने चुनाव आयोग को दी नसीहत

## कहा- आयोग के साहसी कदम पर टिका कई पीढ़ियों का भविष्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि चुनाव आयोग को नसीहत देते हुए कहा है कि उनका एक सही और साहसिक क़दम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है।

अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से यह अपील ऐसे समय में की है, जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार के सासाराम जिले से वोट अधिकार यात्रा की शुरुआत की है। कुछ दिनों पहले ही संसद के मानसून सत्र के दौरान एसआईआर के मुद्दे को लेकर समूचे विपक्ष ने जोरदार प्रदर्शन किया था। यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आयोग से अनुरोध करते हुए लिखा- चुनाव आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है।

आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उनके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव



काम कर रहे हैं, लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं। उन्होंने लिखा है कि जब चुनाव आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा, तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उसका रक्षा कवच बन जाएगा। सत्य के मार्ग पर चलनेवालों के साथ जनता और जन विश्वास स्वयं चलने लगता है। यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग का एक सही और साहसिक क़दम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है। सबको अंतरात्मा की आवाज़ सुननी चाहिए।

## रुपये में दो पैसे की मामूली मजबूती

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में लौटी तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के फिर लिवाल होने से बीते सप्ताह रुपए में भी साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवकाश के कारण गत सप्ताह चार दिन ही कारोबार हुआ। इस दौरान भारतीय मुद्रा उतार-चढ़ाव से गुजरती हुई दो पैसे की मजबूती के साथ 87.61 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुई। इससे पहले के सप्ताह में रुपया 0.49 प्रतिशत टूटकर 87.59 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। शेयरों बाजारों की साप्ताहिक तेजी से रुपए को समर्थन मिला। गत सप्ताह प्रमुख सूचकांकों में करीब एक प्रतिशत की बढ़त देखी गयी। इसके अलावा बैंकों ने भी डॉलर की बिकवाली की जिससे रुपए को समर्थन मिला।

# उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ हो रही बैंकिंग व्यवस्था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में वित्तीय समावेशन की नीति और सरक. ारी योजनाओं को बैंकों से जोड़ने की रणनीति ने आमजन का विश्वास बैंकिंग व्यवस्था पर और मजबूत किया है। इसके चलते शहरों के साथ-साथ कस्बों और गांवों तक बैंकों का नेटवर्क मजबूत हुआ है। इसके साथ ही, बैंकों का सीडी रेशियो भी बेहतर हुआ है।

जून 2025 के आंकड़ों में इसे स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जो प्रदेश की आर्थिक मजबूती और बैंकिंग गतिविधियों में आई तेजी को साफ दर्शाते हैं। अधिकृत सूत्रों के अनुसार जून 2025 तक राज्य में बैंकों की जमा राशि 1.86 लाख रुपए करोड़ वृद्धि के साथ 19.39 लाख करोड़ तक पहुंच गई है। जून 2024 की तुलना में यह 10. 60 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि रही। वहीं ऋण वितरण के आंकड़े में 0.93 लाख करोड़ रुपए (8.79 प्रतिशत) की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई है। जून 2025 में यह कुल 11.45 लाख करोड़ रुपए रहा। यह इस बात का प्रमाण है कि राज्य में निवेश और क्रेडिट का माहौल लगातार बेहतर हो रहा है। प्रदेश का सीडी रेशियो मार्च 2025 में 59.04 प्रतिशत था, जो जून 2025 में मामूली बढ़त के साथ 59.05 प्रतिशत पर स्थिर रहा। यह स्थिरता संतुलित बैंकिंग व्यवस्था का संकेत देती है। वहीं जिलावार आंकड़े दर्शाते हैं कि कई जिलों में सीडी रेशियो में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 80 फीसदी से अधिक सीडी रेशियो वाले जिलों की संख्या बढ़ रही है। जबकि 40 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले जिलों की संख्या घटकर केवल छह रह गई है। 2014 की तुलना में अब अधिक जिलों में बैंकिंग गतिविधियां विस्तृत हुई हैं। 60 से 80 फीसदी के बीच सीडी रेशियो वाले जिलों की संख्या 21 तक पहुंच गई है। यह बदलाव इस बात का संकेत है कि ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में भी बैंकिंग सेवाओं का जाल फैला है और स्थानीय क्रेडिट जरूरतों की पूर्ति हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार यह बदलाव केवल सरकारी प्रयासों और बैंलकग संस्थानों के मजबूत समन्वय से संभव हो पाया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राहुल गांधी ....** देंगे। मतदाता अधिकार यात्रा कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मैं इस मंच से आपको बता रहा हूं कि पूरे देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव चुराए जा रहे हैं। बीजेपी की ताजा साजिश बिहार में एसआईआर कराने और बिहार के चुनाव भी चुराने की है। हम सब इस मंच पर आपको यह बताने आए हैं कि हम उन्हें यह चुनाव नहीं चुराने देंगे। सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग क्या कर रहा है। पहले देश को पता नहीं था कि वोट कैसे चुराए जा रहे हैं।, लेकिन हमने प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कर दिया कि वोट कैसे चोरी किए जा रहे हैं। मुझे पता है कि पीएम मोदी सही मायने में जातिगत जनगणना नहीं करवाने जा रहे हैं, लेकिन इंडिया ब्लॉक देश में सही मायने में जातिगत जनगणना सुनिश्चित करेगा। हम वोट चोरी को खत्म करेंगे और एसआईआर की सच्चाई को उजागर करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि लालू जी, डाक्टर की सलाह के बावजूद यहां आने के लिए आपका तहे दिल से शुक्रिया।

**जम्मू-कश्मीर...** हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश में तबाही नहीं थम रही। रविवार सुबह 4 बजे के करीब कुल्लू के टकोली में बादल फटा। कुल्लू के पनारसा, नगवाई में भी फ्लैश फ्लड के बाद चारों तरफ मलबा बिखरा है। वहीं, मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर में 19 अगस्त तक तेज बारिश की संभावना जताई है। 11 जिलों जम्मू, रियासी, उधमपुर, राजौरी, पुंछ, सांबा, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़, रामबन और कश्मीर के कुछ हिस्सों में बादल फटने और लैंडस्लाइड की भी चेतावनी है। रविवार सुबह करीब 4 बजे के करीब कुल्लू के शालानाला में बादल फटा। इससे कुल्लू और मंडी के कई इलाकों में भारी नुकसान हुआ है।

**एसआईआर....** व्यापारी, कारोबारी और किसानों को विशेष लाभ होने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का भारत क्या सोच रहा है, उसके सपने और संकल्प क्या हैं? ये सब कुछ आज पूरी दुनिया अनुभव कर रही है। दुनिया, जब भारत को देखती है, परखती है, तो उसकी पहली नजर हमारी राजधानी दिल्ली पर पड़ती है। दिल्ली को हमें विकास का ऐसा मॉडल बनाना है, जहां सभी को महसूस हो कि हां, ये विकसित होते भारत की राजधानी है।

दिल्ली को बेहतरीन शहर बनाने का जो बीड़ा हमने उठाया है, वो निरंतर जारी है। आज भी हम सभी इसके साक्षी बने हैं। द्वारका एक्सप्रेस वे हो या फिर अर्बन एक्सटेंशन रोड, ये दोनों सड़कें शानदार बनी हैं। पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के बाद अब अर्बन एक्सटेंशन रोड से दिल्ली को बहुत मदद मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि अर्बन एक्सटेंशन रोड की एक और विशेषता है। ये दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने में मदद कर रही है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# धामपुर में गुंडों की दबंगई

## आधी रात को जेसीबी से तोड़ी दो दुकानें, व्यापारियों में पनपा आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में आधी रात को हुई दबंगई की घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा क्षेत्र में दबंगों ने दो दुकानों पर कब्जा जमाने के इरादे से जेसीबी लाकर शटर और दीवारें ध्वस्त कर डाली। पूरी वारदात न केवल आसपास के लोगों में दहशत फैलाने वाली रही, बल्कि यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।





प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना इकरामुल्लाह खान के यूनानी मेडिकल स्टोर और उसके पास स्थित एक किराना व्यापारी की दुकान की है। बीती देर शाम दोनों दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर घर चले गए थे। इसी दौरान आधी रात को दबंगों ने मौके पर जेसीबी मंगाकर दोनों दुकानों के शटर और दीवारों को गिरा दिया। घटना की खबर मिलते ही दुकानदार मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। हालांकि तब तक दबंग जेसीबी समेत मौके से फरार हो चुके थे। सुबह होते ही घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। व्यापारियों में गहरा आक्रोश और भय का माहौल है। पीड़ित दुकानदारों ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। घटना के बाद नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर आधी रात को खुलेआम जेसीबी चलाकर दुकानें तोड़ने की हिम्मत दबंगों को कैसे हुई और पुलिस को इसकी भनक तक क्यों नहीं लगी? प्रभारी राजेश चौहान का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा है। अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं दी गई है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। लेकिन रात के अंधेरे में दबंगई कर दुकानों को ध्वस्त करने की इस वारदात ने नगर की सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। व्यापारियों में गुस्सा है। नगर में कई सम्पत्तियों को लेकर विवाद चल रहे हैं। ऐसे में अगर रात के अंधेरे में जेसीबी से दुकानों व मकानों को तोड़ा जाएगा तो फिर कानून का राज कैसे कायम रहेगा।

## एक नजर

### हादसे में महिला की मौत

**नहटौर।** मौहल्ला पूर्वी तकिया गढ़ी निवासी 65 वर्षीय रामरती पत्नी छोटे सिंह आज सुबह करीब साढ़े छह बजे धामपुर मार्ग पर बच्चों के लिए दुकान से सामान लेने के लिए आई थी। वह पूर्व चेयरपर्सन फिरोजा खातून के आवास के सामने सड़क पर बैठ गई। इसी दौरान एक कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। कार चालक ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया। उपचार के दौरान बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### नवमी मेले का उद्घाटन



**राजा का ताजपुर।** ऐतिहासिक जाहरवीर दीवान नवमी मेले का उद्घाटन चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने फीता काट कर किया। उन्होंने कहा कि मेले भाईचारे के प्रतीक हैं। सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ मेला देखें। कोई भी मेले में हुड़दंग न करें। ऐसा कोई काम न करें, जिससे समाज में किसी की भावनाओं को ठेस ना पहुंचे। पुलिस का सहयोग करें। इस मौके पर फारुख सिद्दीकी, हेमराज सिंह चौहान, ग्राम प्रधान मंगला सिंह, कुंवर पाल सिंह, अमर सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

## 70 मरीजों का नेत्र परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर में हिमालय अस्पताल जॉली ग्रांट द्वारा एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ स्कूल के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर आंख से संबंधित बीमारियों के चेकअप के लिए अपना पंजीकरण कराया। डा. पूर्वी कौशिक ने बताया कि लगभग 70 मरीजों का पंजीकरण किया गया। जिसमें सभी मरीजों का ब्लड प्रेशर चेक कराया गया तथा 15 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। डा.पूर्वी कौशिक ने बताया कि गर्मी के मौसम के चलते धूल से आंखों को बचाकर रखे। चश्मा लगाए, आंखों पर बार-बार पानी के छपकों से ना धोये, सिर पर कपड़ा रखें तथा आंखों को पूरी तरह से सुरक्षित रखें। मोबाइल का इस्तेमाल कम करें।

डॉक्टरों की टीम में डा. मनोज वर्मा, अनमोल महाजन, डा. शिल्पी चौधरी, चिन्मय गुप्ता, ईशा आदि कर्मचारी मौजूद रहे। प्रधानाचार्य मनोज शर्मा, प्रबंधक विनिल त्यागी, नवीन अग्रवाल, अरुण कुमार, शिव कुमार, अनिल कुमार, शगुन वर्मा, वैभव जैन, सौरभ शर्मा, सीमा गुप्ता, सरिता अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल आदि ने भाग लिया।

## जन्माष्टमी पर सुंदर झांकियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री बालाजी मंदिर में जन्माष्टमी पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



### बालाजी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

कार्यक्रम की शुरुआत में मंदिर के स्वामित्व महंत डा. अमित गिरी व आचार्य आदित्य गिरी ने मुख्य यजमान लक्ष्मी नारायण अग्रवाल दम्पति के साथ मिलकर राधा-कृष्ण का पंचामृत अभिषेक कराया तथा प्रभु का भव्य श्रृंगार कर आरती उतारी गई।

शाम को मंदिर परिसर में झांकियां और नृत्य प्रस्तुत हुए। बच्चों ने विभिन्न किरदार निभाए, जिनमें शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, हनुमान, सुदामा और अन्य रूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। भक्तों ने तालियों की गड़-गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होते ही मंदिर परिसर जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। महंत आदित्य गिरी और डा. अमित गिरी ने महाआरती कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

कार्यक्रम के अंत में महंत परिवार की ओर से बाल कलाकारों को पुरस्कार दिए गए। पूनम गिरी, स्नेहा गिरी, आकाश, शुभम जोशी, हरीश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, दीक्षा सैनी, रेनू सैनी, विशाल वर्मा, अनुप्रिया वर्मा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## टपरौला में प्रसाद वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर टपरौला में प्रसाद वितरित किया गया।



ग्राम टपरौला में श्री राधा कृष्ण प्रचार समिति के बैनर तले श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। जन्माष्टमी का जुलूस सुन्दर सुन्दर झाकियो व भजन के साथ सम्पन्न हुआ समस्त ग्राम वासीयो ने फूल बरसाकर और जय जयकार करके जुलूस का स्वागत किया जुलूस के बाद कढी चावल का प्रसाद वितरण किया। रात 12 बजते ही मावा मिश्री का बनाया केक काटकर लड्डू गोपाल को भोग लगाया और श्रीकृष्ण भगवान का जयघोष किया। समिति अध्यक्ष विनोद चौहान ने कहा कि श्रीकृष्ण भगवान ने श्रीमद्भागवत गीता के माध्यम से मानव के कल्याण के अनेक रास्ते बताए हैं। बस देर है उन रास्तों पर चलने की। समिति अध्यक्ष ने ग्रामीणों के सहयोग के लिए आभार जताया। विनोद चौहान, मदन सिंह, नवीन, रूपेश सिंह, मोनू, कोमल, राजन, शंकर, कृष्णा, लोकेंद्र, आशू, संचित, महिला मोर्चा से अध्यक्ष मनोरमा, आवेश, नेहा, आशी, शिल्पी, गौरी, नूतन, आशा आदि मौजूद रही।

## गुलदार ने बकरियों को बनाया निवाला

**बढ़ापुर।** ग्राम भोजावाला में छत पर बंधी तीन बकरियों को गुलदार ने मार डाला।

ग्राम मिर्जा अलीपुर चौहड़ उर्फ भोजावाला निवासी हरगोविंद सिंह पुत्र रूपचंद सिंह ने मकान की छत पर टिन शेड डालकर तीन बकरी पाल रखी थी। बीती रात गुलदार दीवार के सहारे मकान की छत पर चढ़ आया और वहां पर बंधी तीनों बकरियों पर हमला कर मार दिया। गुलदार एक बकरी को मारकर पास के गन्ने के खेत में ले गया। सुबह जब परिवार के सदस्य छत पर पहुंचे, तो दो बकरी छत पर मृत पड़ी थी और एक गन्ने के खेत में पड़ी हुई थी। जानकारी मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। गुलदार के छत पर चढ़ आने से परिवार और ग्रामीणों में डर बना हुआ है। पीड़ित ने परिवार की सुरक्षा को लेकर वन विभाग से गुलदार को पकड़वाने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। वहीं सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मृत बकरियों का पोस्टमार्टम करवा कर पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## पीएनबी शाखा में राष्ट्रीय ध्वज का सरेआम अपमान

### ग्रामीणों ने की कड़ी आलोचना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्थानीय पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारी मुख्य द्वार के सामने एक गमले में तिरंगा लगाकर चले गए। गमले में तिरंगा लगा देखकर ग्रामीणों ने बैंक कर्मचारियों की कड़ी आलोचना की।

गौरतलब है कि पूरे देश में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं स्थानीय पंजाब नैशनल बैंक शाखा के कर्मचारियों और अधिकारियों ने इस महान पर्व को मजाक बनाकर रख दिया। बैंक कर्मचारी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने नहीं आए। कर्मचारी एक दिन पूर्व ही बैंक के मुख्य गेट पर एक गमले में तिरंगा लगाकर चले गए। गमले में राष्ट्रीय ध्वज लगा देखकर ग्रामीणों ने बैंक कर्मचारियों की कड़ी आलोचना की है। ग्रामीणों ने गमले में लगे राष्ट्रीय ध्वज की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी है। जिसमें लोग तरह तरह के कमेंट्स कर बैंक कर्मचारियों के राष्ट्र प्रेम को उजागर कर रहे हैं। वहीं बैंक का अवकाश होने के चलते किसी भी बैंक कर्मचारी से इस सम्बंध में कोई वार्ता नहीं हो सकी।

# अफजलगढ़ में रज्जाक फाउंडेशन का शानदार मुशायरा

## शहीदों के परिजनों को किया गया सम्मानित, पूर्व जज मनोज कुमार ने की शमा रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर अब्दुल रज्ज़ाक फाउंडेशन व अब्दुल समी रॉयल एकेडमी के चेयरमैन शेख मौहम्मद जैद द्वारा अमर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। साथ ही एक मुशायरा का भी इनेकाद किया गया। जिसमें देर रात तक श्रोताओं ने लुत्फ उठाया।













प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम कासमपुर गढ़ी वार्ड नंबर दो से जिला पंचायत सदस्य सीट से भावी प्रत्याशी शेख मौहम्मद जैद चेयरमैन अब्दुल रज्जाक फाउंडेशन व अब्दुल समी रॉयल एकेडमी के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कासमपुर गढ़ी स्थित प्रतिष्ठान में जश्न ए आजादी के मौके पर अमर शहीद क्रांतिकारी अशफाक उल्ला खां, क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह तथा अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा अमर शहीद क्रांतिकारी अशफाक उल्ला खां के पौत्र अशफाक खां, अमर शहीद उधम सिंह के पौत्र जग्गा सिंह व शहीद वीर अब्दुल हमीद के पौत्र डा.जावेद हमीद को शेख मौहम्मद जैद द्वारा सम्मानित किया गया। शहीदों के परिजनों के आने से भारत की आजादी की याद ताजा हो गई। जश्न ए आजादी के मौके पर सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व जज मनोज कुमार रहे। समारोह की अध्यक्षता जामिया हमदर्द, दिल्ली के डिप्टी डायरेक्टर डा. एस शहाब अशरफ ने की। संचालन इरशाद धामपुरी ने किया।

इस मौके पर क्रांतिकारी अमर शहीद अशफाक उल्ला खां के पौत्र अशफाक खां, क्रांतिकारी अमर शहीद उधम सिंह के पौत्र जग्गा सिंह व अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद के पौत्र डा.जावेद हमीद को अकादमी के अध्यक्ष शेख मौहम्मद जैद की जानिब से सम्मानित करते हुए शॉल एवं शील्ड पेश की गई।

इसके बाद मेहमान ए खुसूसी पूर्व जज मनोज कुमार व पूर्व प्रधान अहमद हसन कुरैशी ने शमा रोशन कर मुशायरा की इब्तिदा की। मुशायरे की सदारत प्रधान पति शकील अहमद ने की तथा निजामत के फराज मशहूर शायर फाखर अदीब बिजनौरी ने अंजाम दिए।

मुशायरा में ऑल इंडिया शोहरत याफ्ता शायर अफजल मंगलौरी, निकहत अमरोहवी, सज्जाद झंझट, नौशाद अंगड़, वसीम अरहम संभली, जमाल हसनपुरी, आरिफ बछरायूंनी, एसएम असलम, नसीम धामपुरी व कामिल खान ने अपनी खूबसूरत शायरी से जश्न ए आजादी की शाम को खूबसूरत बना दिया।

सैकड़ों की संख्या में मौजूद सामाईन ने शायरों के उम्दा कलाम पर दिल खोलकर दाद दी। मशहूर शायर सज्जाद झंझट व नौशाद अंगड़ की मजाहिया शायरी ने सामाईन को खूब गुदगुदाया। मुशायरा के कन्वीनर और जश्न ए आजादी कार्यक्रम के आयोजक शेख मौहम्मद जैद ने सभी मेहमानों, शायरों व सामाईन का फाउंडेशन की ओर से आभार व्यक्त किया।

स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
मदन सिंह
उप निरीक्षक
चांदपुर, जनपद-बिजनौर

स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
अमित कुमार
प्रभारी निरीक्षक
चांदपुर, जनपद-बिजनौर

दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ मुरादाबाद की ओर से सभी देशवासियों, प्रदेशवासी, बुढ़नपुर वार्ड-2 के क्षेत्र वासियों व किसान भाइयों को स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की

हार्दिक शुभकामनाएं
कमल कुमार उर्फ बंटी जी
उपसभापति-दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ मुरादाबाद
संभावित प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य, बुढ़नपुर वार्ड-2
नोट - बुढ़नपुर वार्ड 2 के सभी क्षेत्र में सभी के घरों तक प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की प्राथमिकता रहेगी। क्षेत्र की टूटे-फूटी सड़कों को सही बनवाने की प्राथमिकता रहेगी। क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की भी प्राथमिकता रहेगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

## आसपा को मजबूत बनाने का संकल्प

### पदाधिकारियों ने बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं में भरा नया जोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम जनता बड़ी संख्या में पहुंची। कार्यक्रम में संगठन को बूथ स्तर का मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी (प्रभारी मुरादाबाद मंडल), भीम सेन हल्दिया (प्रदेश कोर कमेटी सदस्य), प्रशांत कुमार (जिलाध्यक्ष भीम आर्मी), फहीम अहमद (सांसद प्रतिनिधि), पूर्व प्रधान वाजिद मकरानी, पूर्व प्रधान साबू, प्रदीप कुमार प्रधान, अक्षय प्रधान, जिला पंचायत सदस्य इस्तेखार, प्रधान अनवर, पूर्व प्रधान सूफी नफीस, सुखवीर प्रधान, अशोक कुमार, रजत कुमार, सरदार जगमीत चहल, सुरेंद्र प्रधान, सरदार हरप्रीत सिंधु, सरताज राइन, फैजान राइन, महताब राइन, फिरासत हुसैन, शारिक अंसारी समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व गणमान्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में तय किया गया कि आगामी जिला पंचायत चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन और भी मजबूत किया जाएगा तथा हर बूथ पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वक्ताओं ने जोर दिया कि 'वोट की हिफाजत और बूथ की मजबूती ही हमारी जीत की असली ताकत है।'

कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एक सुर में संकल्प लिया कि संगठन को गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचाकर पार्टी को और ज्यादा मजबूत बनाया जाएगा।


स्वतंत्रता दिवस की सभी को

हार्दिक बधाई




हाजी अहसान एड्.

भट्टे वाले/भाकियू व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता

रायपुर सादात, जनपद-बिजनौर

स्वतंत्रता दिवस की सभी को

हार्दिक बधाई




प्रशांत गुप्ता उर्फ मोनू

जिला महामंत्री-पश्चिमी उ.प्र.

उद्योग व्यापार मण्डल, मण्डावर



स्वतंत्रता दिवस की सभी को

हार्दिक बधाई

डॉ. देवेन्द्र कुमार

नोडल अधिकारी


ब्लॉक मौहम्मदपुर देवमल

जनपद-बिजनौर



यौमे आजादी की अवाम, अधिकारियों व कर्मचारियों सहित तमाम हमदर्दों को

दिली मुबारकबाद




रिहान अहमद

राजकीय ठेकेदार, मण्डावर

भाईचारा व साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखकर मुल्क को मजबूत बनाएं।

स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की सभी को

हार्दिक शुभकामनाएं







मौ. आसिफ शान — चेयरमैन

अमित चौधरी बंटू — राजकीय ठेकेदार

संजीव मदान डिम्पल — राजकीय ठेकेदार

नगर पंचायत मण्डावर, जनपद-बिजनौर

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

# मदरसों में फहराया राष्ट्रीय ध्वज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** यौमे आजादी का जश्न धूमधाम से मनाया गया। मदरसों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला रहमान चौक खंदक पर मदरसा हिदायत उल इस्लाम, मदरसा इस्लामिया रहमानिया में समाजसेवी मकसूद अहमद ठेकेदार ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रीय गान के उपरांत मदरसे के बच्चों ने सारे जहां से अच्छा तराना सुनाया। मकसूद ठेकेदार ने कहा देश को आजाद कराने में सभी धर्मों के लोगों ने अपनी जान की कुर्बानी दे कर देश को आजाद कराया है। हमें अपने बुजुर्गो की कुर्बानियों को नहीं भुलना चाहिए। हमें अपनी नस्लो को आजादी की लड़ाई के बारे में बताना चाहिए कि किस तरह से देश को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कराया गया था। हम सब को शहीदों की कुर्बानियों के बारे में भी बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक वक्त का खाना ना खाएं। मगर अपने बच्चों को तालीम जरूर दें। ताकि पढ़-लिखकर वह काबिल इंसान बनकर देश की खिदमत कर सकें। विभिन्न सरकारी संस्थाओं, स्कूलों व मदरसों में देश भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य इमरान भैया, नईम एड., सपा नेता सरफराज सिद्दीकी, सेठ शकील, कारी मुंतजीम, मास्टर खालिद, मास्टर इमरान, मुफ्ती फरमान, शमीम अहमद अंसारी, शाहिद इदरीसी, नवेद अंसारी, युवा बसपा नेता इमरान अंसारी, इरफान अंसारी, मौलाना आकिल कासमी, हाफिज शाहिद, हाजी सुलेमान फरीदी आदि मौजूद रहे। संचालन कारी मुंतजिम ने किया।

स्वतंत्रता दिवस की सभी नागरिकों को
बधाई

अरविंद विश्नोई
नगर अध्यक्ष-पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल, कोतवाली देहात

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
मुबारकबाद

रिहान प्रधान
ग्राम करौंदा मुस्लिम
ब्लॉक कोतवाली देहात, बिजनौर

स्वतंत्रता दिवस की सभी नागरिकों को
बधाई

डा. सुरेन्द्र कुमार विश्नोई
डा. अनीता विश्नोई
सौभाग्यवती क्लीनिक
नहटौर रोड, कोतवाली देहात

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई

डॉक्टर महफूज
जफर हॉस्पिटल
नजीबाबाद रोड, कोतवाली देहात

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई

नसीम अहमद-प्रधान
ग्राम शहबाजपुर, कोतवाली देहात

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई
डॉ. निधि
अनमोल हैल्थ केयर सैंटर
व जच्चा बच्चा केंद्र
नहटौर रोड, कोतवाली देहात

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई
डॉ. नफीसा खातून
फैमली हैल्थ केयर सैंटर
नहटौर रोड, कोतवाली देहात

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई

शमीम अहमद उर्फ बब्लू भाई
वार्ड 3 कोतवाली देहात से आसपा के जिला पंचायत सदस्य पद के संभावित उम्मीदवार

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई

हाजी इसरार
रोशन फूड
बिजनौर रोड, कोतवाली देहात

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई

अली हैदर-प्रबंधक
एच.एच. गर्ल्स इंटर कालेज
नहटौर रोड, कोतवाली देहात

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई

कफील मलिक
प्रधान पद के भावी उम्मीदवार
कोतवाली देहात, जनपद-बिजनौर

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई

सरफराज कुरैशी उर्फ गुड्डू
भावी उम्मीदवार-बीडीसी, वार्ड 8 से 15 तक
ग्राम पंचायत-करौंदा मुस्लिम, कोतवाली देहात

स्वतंत्रता दिवस की सभी नागरिकों को
बधाई

डॉ. सलीम अहमद
न्यू मैट्रो हॉस्पिटल
नजीबाबाद रोड, कोतवाली देहात

स्वतंत्रता दिवस की सभी नागरिकों को
बधाई

डॉ. मरगूब आलम
लाईफ लाइन हैल्थ केयर सैंटर
नजीबाबाद रोड, कोतवाली देहात

हल्दौर में स्थित फैमली नर्सिंग होम के चिकित्सक डा. अभिषेक कुमार, डा. रविन्द्र, डा. पूजा, डा. सादिया परवीन एम.बी.बी.एस. ( स्त्री रोग विशेषज्ञ ), डा. आशीष कुमार गोयल एम.बी.बी.एस., एम.एस. ( जनरल फिजीशियन एण्ड सर्जन ) की ओर से समस्त भारतवासियों व क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सभी बीमारियों का इलाज सफलतापूर्वक किया जाता है।
मो.नं. : 6397520322, 7500361787, 8958501342
पता: इनामपुरा रोड, निकट पालिका रैन बसेरा, हल्दौर ( बिजनौर )


स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई
डा. विशाल दिवाकर
प्रभारी- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
कोतवाली देहात, जनपद-बिजनौर

समस्त देशवासियों व क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
माही हैल्थ केयर
डा. मोहम्मद जुबैर ( एम.डी. )
डा. हुमा परवीन ( स्त्री रोग विशेषज्ञ )
हमारे यहां सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज किया जाता है। नजला, खांसी, बुखार, टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू, फ्लू, गठिया, पेशाब में जनल आदि का उपचार। औरतों की सभी बीमारियों का उपचार। 24 घंटे इमरजेंसी की सुविधा, कम्प्यूटराइज्ड पैथोलॉजी सुविधा, ऑक्सीजन, नेबुलाइर, नार्मल डिलीवरी आदि की व्यवस्था।
मो.नं. : 8006371800, 8057563951
पता: कोटद्वार रोड, ग्राम जसवन्तपुर उर्फ लुकादड़ी

# सांसद व विधायक के दरबार में परिवार समेत पहुंचे पीड़ित दुकानदार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सपा के पूर्व नगराध्यक्ष के मसूंबे का शिकार होकर सड़क पर आए दुकानदार परिवार की महिलाओं समेत सांसद और विधायक के दरबार पहुंचे। पीड़ितों ने अपनी-अपनी पार्टी हाईकमान तक उनकी आवाज पहंचाकर इंसाफ दिलाने की गुहार लगायी।

**०सपा के पूर्व नगराध्यक्ष के कारनामे की दी जानकारी**

13 अगस्त को योगी राज में भूमाफिया बने सपा को पूर्व नगराध्यक्ष की साजिश से राजस्व विभाग द्वारा अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर वर्षों से किराएदारी वाली दुकानों पर बुल्डोजर जस्टिस चलाकर बेदखल कर दिया गया। राजस्व विभाग के तुगलकी आदेश से सड़क पर आए दुकानदारों और उनके परिवारों की आजाविका पल भर में छिन गई। सड़क पर आए दुकानदारों के सामने अब रोजी और रोटी की संकट बुरी तरह गहरा गया है। अदालत में दुकानों का मुकदमा लम्बित होने के बाद भी बेदखल कर दिए गए किराएदार (दुकानदारों) के घरों पर आज भी मातम सार माहौल बना हुआ है। सम्भल में सपा के सांसद और विधायक रहते उनकी ही पार्टी के पूर्व नगराध्यक्ष के कारनामे से आहत दर्जन भर दुकानदार हसीब, मुशर्रफ अली, राहत अली, महमूद,मौहम्मद अनस और विकार अहमद आदि व उनकी परिवार की महिलाएं सांसद जियाउर्रहमान बर्क और विधायक इकबाल महमूद के दरबार में पहुंचे। दुकानदारों ने सांसद और विधायक को अपनी पीड़ा सुनाते हुए कहा कि सपा को पूर्व नगराध्यक्ष और उनके साथियों को फायदा पहुंचाने के लिए तहसीलदार धीरेन्द्र कुमार सिंह व उनकी टीम ने बुल्डोजर चलाकर उनकी दुकानों को ध्वस्त कर दिया। जबकि उनका व उनके परिवार की जीविका का यही दुकानें एकमात्र साधन थीं।उनके पास अब कोई आय का साधन नहीं होने के कारण भुखमरी के कगार पर पहुंच गए है। दुकानदारों ने सपा के पूर्व नगराध्यक्ष के कारनामें की जानकारी देकर उन्हे इंसाफ दिलाने के साथ ही पार्टी हाइ कमान को भी अवगत कराने की गुहार लगायी है।



सम्भल- बुलडोजर से ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर सांसद से इंसाफ की गुहार लगाते किराएदार।



सम्भल- सदर विधायक को पत्र देकर दुकानें तोड़कर छीनी गई रोजी रोटी वापस कराने की गुहार लगाते दुकानदार।

# सांसद ने दागा तहसीलदार पर सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पल में ही अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर बेदखल किए गए दुकानदारों का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इंसाफ की गुहार लगाने पहुंचे सांसद ने तहसीलदार से सवाल दागा कि कैसे अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर दुकानदारों को बेदखल कर दिया गया।

13 अगस्त से पूर्व तीन दिन का नोटिस देकर किराएदारों की दुकानों पर बुल्डोजर जस्टिस चलाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। राजनीति रूप लेता जा रहा दुकानदारों के मामले में सपा के पूर्व नगराध्यक्ष पर उठती अंगुलियों से अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े होने लगे है। रविवार को सांसद के निवास पर इंसाफ

**०अधिकार क्षेत्र से बाहर कैसे बेदखल कर दिए गए किराएदार**

की गुहार लगाने पहुंचे किराएदारों ने अपनी व्यथा सुनायी तो सभी की ऑखें भर आयी। किराएदार दुकानदारों की पीड़ा सुनकर सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने फोन पर तहसीलदार से वार्ता कर जब सवाल दागा कि किराएदारों को ही क्यों नोटिस दिया गयसा जबकि दुकान स्वामी को नोटिस क्यों नही दिया। इसके अलावा जब तीन दिन का नोटिस दिया गया था लेकिन तीन दिन के भीतर ही सबकुछ अंजाम दे दिया गया। जबकि अधिकार क्षेत्र से बाहर किराएदारों को बेदखल क्यों और कैसे किया गया। इस पर तहसीलदार कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे पाए। इस दौरान सांसद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी बुल्डोजर कार्रवाई नहीं करने के आदेश दे रखे हैं लेकिन प्रशासन इसके बावजूद गरीबों पर बुल्डोजर जस्टिस की कार्रवाई कर रोजगार देने के बजाए बेरोजगार कर रहा है।

# भूमाफियाओं से मिलकर सरकार को बदनाम न करे प्रशासन: शान अली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बरसों से किराएदारी वाली दुकानों पर की गई बुल्डोजर जस्टिस की कार्रवाइ ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। पक्ष हो या विपक्ष इसके खिलाफ खड़ा होने लगा है। भाजपा अल्संख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस तरह की कार्रवाई को भूमाफियों से मिलकर करकर सरकार को बदनाम करने का आरोप लगाया है।



हसनपुर रोड स्थित मुसाफिर खाने के निकट तीन दिन का नोटिस देकर दुकानों को ध्वसत करने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष सय्यद शान अली ने बुल्डोजर से दुकानें ध्वस्त करने पर गहरी नाराजगी प्रकट की है। उन्होने कहा कि जो भी प्रशासनिक अधिकारी भूमाफियों से मिलकर काम कर रहा है इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। क्योंकि ऐंसे लोग सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं जिसे कदापि सहन नहीं किया जा सकता है। उन्होने हसनपुर रोड स्थित मुसाफिर खाने के बगल वाली दुकानों पर की गई बुल्डोजर जस्टिस की कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की। साथ ही उन्होने कहा कि जो लोग भूमाफियों से मिलकर काम कर रहे है। उनकी जल्दी से जल्दी जांच कराकर चेहरों को बेनकाब करना चाहिये जिससे कि सरकार की होने वाली बदनामी को रोका जा सके। इसी के साथ उन्होने अन्य दुकानदारों को हड़काकर उनकी दुकानें भी खाली कराने का कुत्सित प्रयास करने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

# भगवत गीता सभी मानव समाज के लिए उपयोगी

**०विकसित भारत विचार गोष्ठी का आयोजन,अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण रहे मुख्य अतिथि**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कर्मयोग, स्वाधीनता एवं विकसित भारत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग ने सम्बोधित किया।

डीआर रिसोर्ट में आयोजित विचार गोष्ठी से पूर्व जिलाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को एक पुष्प तथा श्रीमद्भागवत गीता देकर स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अंतर्गत रामकृष्ण गोस्वामी ने कहा कि श्री भगवतगीता का कर्म विज्ञान यही है। भारत की सुरक्षा ,भारत का विकास भारत का गौरव, भारत की सुख शांति एवं भारत की न्याय व्यवस्था। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने कहा था कि न्याय व्यवस्था सबसे बड़ा मानव धर्म है। फल की आत्मा न्याय है जहां न्याय नहीं हो सकता वहां धर्म नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि सबसे पहले आवश्यकता देश एवं प्रदेश की सुरक्षा की आवश्यकता होती है बिना सुरक्षा के न आजादी, न विकास, न मान, न सम्मान मिलता है। भगवतगीता में शासन का नीति सूत्र है तथा इसमें न्याय का नीति सूत्र मिलता है। उन्होंने श्रीमद्भागवत गीता के श्लोकों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने परिवार एवं समाज का कल्याण चाहता है तो वह पंच तत्वों अर्थात शरीर, इंद्रियां ,मन, बुद्धि आत्मा को देखें उन्होंने कहा कि धर्म को समझने की आवश्यकता है धर्म का विज्ञान भगवतगीता है उन्होंने आत्मा से परमात्मा के विषय में भी बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि 16 दिवसीय यात्रा का समापन के अवसर पर आयोजित कर्म योग स्वाधीनता और विकसित भारत की विचार गोष्ठी है उन्होंने कहा कि इस 16 दिवसीय यात्रा के मुख्य स्तंभ चरित्र निर्माण संस्थान के श्री रामकृष्ण गोस्वामी जी हैं। उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 2 सितंबर 2020 को सभी सरकारी कर्मचारी और अधिकारियों में कौशल विकास और प्रशिक्षण के लिए इसके साथ-साथ साइबर तकनीक से जोड़कर कर्मयोगी मिशन की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना इसका भी 10 फरवरी 2021 को उत्तर प्रदेश में शुभारंभ किया गया था ताकि प्रत्येक व्यक्ति को निशुल्क प्रतियोगी परीक्षा के लिए प्रशिक्षण प्राप्त हो और जिसको हमारे मुख्य अतिथि इस योजना को पूरे प्रदेश में संचालित कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि कर्म योगी के अंतर्गत योगी उसे कहा जाता है जो व्यक्ति अपने लिए नहीं केवल और केवल दूसरों के लिए कार्य करें। जब हम कर्म इस तरह से करें कि पहले दूसरे लोग मैं और मेरा परिवार बाद में है तो उसी को हम कहते हैं कर्मयोगी और उन्होंने कहा कि इसी कर्म योग और कर्म योगी का मंत्र प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि जिलाधिकारी जनपद सम्भल को उत्कृष्ट जिला बनाने का प्रयास कर रहे हैं जिला सम्भल स्वयं संभलेगा और अन्य लोगों को भी संभालेगा और उन्होंने कहा कि उत्साह बड़ी चीज होती है। उन्होंने बताया कि आजादी का आंदोलन जब शुरू हुआ उस समय ज्यादा जागरूकता नहीं थी परिवहन सेवाएं एवं अन्य संचार की सेवाएं तथा अन्य सुविधाएं कम थी। गुलामी की व्यवस्था को अपने तप के बल पर हमारे महापुरुषों द्वारा उखाड़ फेंका गया। समाज को हमेशा जगाने वाला चाहिए लोग जागने के लिए तैयार हैं और उन्होंने कहा कि संकुचित विचार एवं भावना वाला हमेशा भोगी ही बनकर रहेगा वह ना तो स्वयं योगी बन सकता है और ना ही दूसरों को योगी बना सकता है। उन्होंने कहा कि आदमी की समझ ही जानवर और इंसान में फर्क करती है उन्होंने कहा कि निष्ठा में बहुत बड़ी ताकत होती है तथा असली पूजा तप और यज्ञ की भावना है और उन्होंने कहा कि ईश्वर एक ही है विश्व का संविधान एक है, जो भी ईश्वरीय विधान के नियमों पर चलता है उसका कल्याण होता है। उन्होंने सम्यक ज्ञान पर भी चर्चा की उन्होंने कहा की भागवत गीता सभी मानव समाज के लिए उपयोगी है। कर्म में सुधार करने को लेकर भी चर्चा। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभाग के कर्मचारी आपसी संवाद करें तब ही सुधार हो सकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह जिला विकास अधिकारी रामाशीष एवं सभी जनपद स्तरीय अधिकारी तथा भूतपूर्व सैनिक एवं शिक्षक शिक्षिकाएं तथा आंगनबाड़ी एवं अन्य कार्मिक आदि उपस्थित रहे।



सम्भल-डीआर रिसोर्ट में विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते आर वेंकटेश्वर लू।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-रामलीला मैदान में श्रीकृष्ण जन्माटष्मी पर सजी झांकी।

### जन्माष्टमी पर भव्य झांकियों का शुभारम्भ

**बबराला।** नगर के रामलीला मैदान में हर वर्ष की भांति श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर झांकियों को सजाया गया। जैसे ही श्रीकृष्ण जी की मूर्ति का पूजन हुआ। तो जय कन्हैया लाल के जयकारों से रामलीला मैदान गूंज उठा। जिसके बाद भक्तों नें प्रसाद वितरित किया। मूर्तियों का उद्घाटन सपा नेता अमित यादव नें फीता काटकर किया। श्रीकृष्ण जी की मूर्ति का व खाटू श्याम जी की मूर्ति का विधि विधाान से पूजन हुआ। इन मूर्तियों को कारीगरों नें मूर्ति कलाकार राजुद्दीन सैफी की टीम नें लगातार एक हफ्ते के मेहनत से बनाया। इस मौके पर विक्की रस्तोगी, राजा यादव, राजुद्दीन सैफी, शोभित भारद्वाज, पप्पू अग्रवाल, श्याम बाबा, दिनेश कौशल, उमेश कौशल,शरद यादव, प्रमोद गुप्ता, अंकुश गुप्ता राजीव यादव, सुमित यादव शशिकांत वार्ष्णेय, सत्यप्रकाश रविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



सम्भल- मैराथन से रन फॉर फिट का संदेश देते।

### मैराथन से दिया रन फॉर फिट का संदेश

**सम्भल। (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** आजादी के 79वें जश्न पर 'रन फार फिट' का संदेश देते हुए एक 10 किलोमीटर की मैराथन दौड़ का आयोजन किया। इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपनी फिटनेस के लिए नियमित रूप से दौड़ने के लिए प्रेरित किया।

हिन्दपुरा खेड़ा चौराहे से शुरू हुई दौड़ शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जिसमें चौधरी सराय चौराहा, चंदौसी चौराहा, शंकर चौराहा और नखासा चौराहा शामिल रहे। दौड़ में हिस्सा ले रहे सभी सदस्य जोश और उत्साह से लबरेज थे, जो देशभक्ति की भावना और फिटनेस के प्रति उनकी लगन को दर्शा रहा था। 10 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद यह दौड़ वापस हिन्दपुरा के चौराहे पर ही समाप्त हुई। इस दौड़ में संभल रनर्स ग्रुप के लगभग सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया और 'फिटनेस के लिए दौड़ते रहो' के नारे को बुलंद किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में शामिल होने वाले सदस्यों में शजर साजी, हकीम अख्तरुल, फरोग, प्रोफेसर डा. नवेद खान, अनहार पाशा, अकरम, फाजिल, शाहरुख, गया, साइम, आजम, अजीम, अनस, रफीक, काशिफ, गुलाम, अहमद, सुलेमान, ?हीम एडवोकेट, हसीब, और ?हीम जैसे कई उत्साही धावक शामिल रहे। सम्भल रनर्स ग्रुप का यह प्रयास न केवल आजादी के दिन को खघस बनाता है, बल्कि यह समाज में स्वास्थ्य और ?िटनेस का संदेश फैलाने का एक सराहनीय कदम भी है।



बबराला- जन्माष्टमी पर झांकियों का फीता काटकर शुभारम्भ करते।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर निकली झांकियां

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** गुन्नौर तहसील के गांव गुन्नौर अब्दुल हई (तरफरी) में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर झनझनया निकालए इनका जगह-जगह स्वागत किया गया। झांकियों का शुभारम्भ ग्राम प्रान पति पुष्पेन्द्र यादव और चिंटू ने फीता काटकर किया। इस मौके पर प्रदीप कुमार नत्थ सिंह, पुनीत आदि मौजूद रहे।

# मटकी फोड़ने के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**असमोली।** जन्माष्टमी के पर्व पर शनिवार शाम बड़ा हादसा हो गया। मटकी फोड़ कार्यक्रम के दौरान पोल पर उतरे करंट से युवक की मौत हो गयी। मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर सोत में मुकेश सिंह सैनी पुत्र बिरनाम सिंह सैनी गांव में डीजे और लाइट का कार्य करता था। मटकी फोड़ने के दौरान वह सीढ़ी लगाकर खंभे पर चढ़ा तो सीढ़ी में अर्थिंग का करंट आ गया और वह खंभे से चिपक गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह रस्सी से उसे नीचे उतारा और आनन-फानन में मुरादाबाद अस्पताल ले जाया गया, जहां

**०जन्माष्टमी पर्व की खुशियां मातम में बदलीं**

डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव में परचून की दुकान चलाने वाले पिता बिरनाम सिंह के छोटे बेटे मुकेश की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया गया कि मुकेश के एक भाई की डेढ़ साल पहले डेंगू से मौत हो चुकी है। पांच भाइयों में सबसे छोटे मुकेश की तीन बहनें हैं, जिनमें से दो की शादी हो चुकी है जबकि एक की शादी अभी बाकी है। त्योहार के दिन हुई इस दर्दनाक घटना से गांव में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल ह

# खेल मैदान के अभाव में जान हथेली पर रखकर दौड़ लगाते हैं युवा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** रोजगार पाने औ सरहद की सुरक्षा को फौज में भर्ती होने की चाहत में जान हथेली पर रखकर युवाओं को सड़कों पर दौड़ लगानी पड़ रही है। खेल के मैदान के अभाव में युवा वाहनों के आवागमन के दौरान रोड पर दौड़ लगाते हैं। अपनी जान हथेली पर लेकर पुलिस गैज में भर्ती होने के लिए संभल मुरादाबाद रोड पर दौड़ लगाते हैं। सरहद की सुरक्षा को फौज में भर्ती होने की तैयारी कर रहे युवाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी किन के हाथों में कौन हैं जिम्मेदार जिले के अधिकारी या जनप्रतिनिधियों पर इसका कोई नहीं है।

थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र के दो दर्जनो गांव में कोई ऐसा खेल का मैदान नहीं है। जहां पर शिक्षित बच्चे पुलिस या फौज में भर्ती होने के लिए दौड़ लगाकर अभ्यास करते हैं। कुछ बच्चे मेहनत कर अपना भविष्य बनाने के लिए दौड़ में और



सम्भल- जान हथेली पर रखकर सड़क पर दौड़ लगाते युवा।

एक्सरसाइज मेहनत कर रहे हैं उसका एकमात्र यही रास्ता है कि गांव से बाहर जाओ और रोड पर दौड़ लगाओ। इसी को लेकर सड़को पर मौत और जिंदगी की दौड़ी रहती हैं। ट्रक बस डीसीएम हर तरह की सवारी वहां पर दौड़ती है। उन्हीं सवारी के साथ वह बच्चे भी अपना टैलेंट दिखाने के लिए और अपनी मेहनत करने के लिए पुलिस या फौज में भर्ती होने के लिए रोड़ों पर प्रयास करते हैं। कई बार सम्भल जिले में ऐसा हो चुका है कि इस तरह का प्रयास करने वाले लड़के रोड पर करते हैं तो उनके साथ कहीं पर कोई हादसा हो जाता है और उनके साथ अनहोनी हो जाती है। फिर वह बच्चा ना दौड़ने लायक रेहता है ना कहीं पर नौकरी करने का रहता है और वह सिर्फ इलाज करने में ही समय निकल जाता है। काफी दिनों से सम्भल मुरादाबाद रोड पर अनेको गांव के बच्चे पुलिस या फौज की भर्ती के लिए अपनी जान हथेली पर रखकर रोडो के किनारे दोंड़ लगाकर का प्रयास करते हैं। लेकिन रोड के किनारे दौड़ते हुए कई लोगों के साथ बड़े हादसे भी हुए हैं। वह फिर ऐसे बच्चे किसी लायक नहीं रहते ना किसी नौकरी में लगने लायक रहते हैं। सुबह को 6:00 बजे से 7:30 तक यह बच्चे पूरी मेहनत के साथ लग्न के साथ रोड पर दौड़ते हैं। यदि उनके लिए खेल के मैदान की व्यवस्था होती अथवा ऐसा कोई मैदान हमारे आसपास के गांव हो तो फिर जान हथेली पर रखकर फौज और पुलिस में भर्ती होने के लिए उनको दौड़ लगाने के लिए मजबूर नहीं होना पड़े।

# कस्बे के युवक ने सीए बनकर रचा इतिहास

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** कस्बे के शिक्षक के बेटे ने सी ए बनकर परिवार,रिश्तेदार व दोस्तों का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। वहीं पहला सी ए बनकर कस्बे में इतिहास रच दिया। जिससे कस्बे भर में खुशी की लहर है।

कसबा सिरसी के मौहलला सादक सराय निवासी प्राईमरी सकूल के शिक्षक रशीदुल हसन जिनका आठ वर्ष पूर्व इंतेकाल हो गया। उनके बेटे जिया अब्बास से कस्बे का पहला सी ए बनने का रिकार्ड बनाया है। जिसकी चारों ओर चर्चा के साथ प्रशंसा हो रही है। प्राईमरी शिक्षक के बेटे ने समिति सुविधाओं के बीच सी ए बनकर युवा वर्ग को संदेश दिया है कि तरक्की के ऊंचे पायदान तक पहुंचने के लिए धन-दौलत से ज्यादा जरूरी मेहनत व लगन होती है। वर्ष 2015 में बहमन स्कूल से दसवीं कक्षा में टॉपर रहे जिया ने 2017 में इसी सकूल से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीण की थी और इस वर्ष सी ए (चार्टेड अकाउंटेंट) की फाईनल करने में कामयाबी हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार



## कौशांबी में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**साहिबाबाद।** 79 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा कौशांबी सेंट्रल पार्क में पप्पू चौपाल केपी ग्रुप ताली ग्रुप करवा कौशांबी योगा ग्रुप द्वारा आयोजित जयपुरिया एनक्लेव सोसायटी द्वारा आयोजित कौशांबी प्लॉट एरिया द्वारा आयोजित कौशांबी के ए ब्लॉक द्वारा आयोजित कौशांबी कैलाश त्रिशूल टावर द्वारा आयोजित वैशाली सेक्टर एक गढ़वाल समाज द्वारा आयोजित वैशाली सेक्टर 1 साउथ द्वारा आयोजित वैशाली सेक्टर 1 प्लॉट एरिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा देशभक्ति की और धार्मिक कार्यक्रम किए गए क्षेत्र के लोगों द्वारा बड़ी संख्या में भाग लिया गया।

# दिव्यांगजनों के लाभ को आयोजित होंगे विशेष कैम्प

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग,द्वारा संचालित योजनाओं एवं अन्य विभागों में दिव्यांगजन से सम्बन्धित योजनाओं का पात्र दिव्यांगजन को लाभ दिलाये जाने को प्रत्येक सम्पूर्ण समाधान में विशेष कैम्प आयोजित होंगे। जिससे दिव्यांगजन को छोटे-छोटे कार्यो हेतु अन्य कार्यालयों में जाना एवं भटकना न पडेगा। प्रत्येक सम्पूर्ण समाधान दिवस में निम्न कार्यालयों के द्वारा कैम्प आयोजित होंगे।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, कार्यालय के द्वारा कैम्प में विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं दिव्यांग पेंशन, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण, शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, एवं शल्य चिकित्सा आदि लाभ दिलाये जाने हेतु आवेदन कराये जायेंगे। जिला पूर्ति अधिकारी, सम्भल कार्यालय के द्वारा कैम्प में राशन कार्ड से वंचित दिव्यांगजन के राशन कार्ड हेतु आवेदन कराये जायेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, सम्भल द्वारा कैम्प में दिव्यांगजन का स्वास्थ्य परीक्षण, दिव्यांग बोर्ड के चिकित्सक द्वारा दिव्यांगता प्रमाण-पत्र/यू.डी.आई.डी. कार्ड निर्गत किये जायेंगें तथा साथ ही साथ रेलवे रियायती प्रमाण-पत्र हेतु कार्य किया जायेगा। परियोजना अधिकारी (डूडा) एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा कैम्प में पात्र दिव्यांगजन को आवास हेतु आवेदन कराये जायेंगे। जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, सम्भल कार्यालय द्वारा कैम्प में दिव्यांगजन को रोजगार हेतु लोन दिये जाने एवं इण्डियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक में एन.पी.सी.आई. लिंक खाते खोले जायेंगे तथा दिव्यांगजन पूर्व चालू बैंक खातों में एन.पी.सी.आई. मैपिंग का कार्य किया जायेगा।जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, सम्भल कार्यालय के द्वारा कैम्प में दिव्यांगजन के आधार बनाये तथा आधार कार्ड में संशोधन किया जायेगा। सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा कैम्प में दिव्यांग पेंशन से वंचित पात्र दिव्यांगजन का ग्राम सभा की खुली बैठक का प्रस्ताव बनवाकार दिव्यांग पेंशन संस्तुति देंगे। जी.एम.डी.आई.सी, सम्भल कार्यालय द्वारा कैम्प में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत पात्र दिव्यांगजन का आवेदन करायेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजन के सशक्तीकरण और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान को सभी विभागों को विशेष निर्देश दिए गए हैं, तथा जनपद स्तर पर दिव्यांगजन की समस्याओं को निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी.

# मंदिर निर्माण की शिकायत पर पुलिस-प्रशासन में मचा हड़कंप, जांच में नए निर्माण की शिकायत निकली झूठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर से सटे ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर के मौजा नगलिया मे मंदिर निर्माण किए जाने की शिकायत मिलने पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना पर दोनों पक्ष के लोग कोतवाली पहुंचे। जिस पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो वहां पर सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद में बजरंग दल के कार्यकर्ता की मौके पर पहुंचे । मौके का निरीक्षण किया।

फिर दोनों पक्षों को कोतवाली में बुलाया गया । रविवार की सवेरे 10.00 गांव नगलिया निवासी मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कहा कि गांव के



हिंदू समुदाय के कुछ युवक बिना अनुमति के मंदिर भवन का निर्माण कर रहे हैं जो गैर कानूनी। लेकिन मौके पर पहुंचने पर गांव की बुजुर्ग महिलाओं व हरी राज सिंह राजपाल सिंह बाबूराम सिंह ओमपाल सिंह आदि ने मौके पर पहुंच कर बताया कि काफी वर्षो से गांव के उत्तर दिशा में पीपल वृक्ष व बट वृक्ष के निकट एक बहुत पुराना चूनिया ईंट से निर्मित हुआ भगवान शिव का निर्मित चबूतरा बना है जिस पर हिंदू समुदाय के लोग पूजा अर्चना करते चले आ रहे हैं। 5 दिन पूर्व बरसात होने पर भगवान शिव का चबूतरा क्षतिग्रस्त हो गया था । अधिक बारिश होने पर पूर्ण रूप से चबूतरा क्षति ग्रस्त हो गया। जिस पर ग्रामीणों ने एक राय होकर क्षतिग्रस्त शिव चबूतरे को रविवार को निर्माण कार्य शुरू कराया दिया। जिस पर गांव के ही मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने कोतवाली पुलिस से मंदिर के नए निर्माण होने की शिकायत की। जो गलत है।

चुनिया ईट से निर्मित भगवान शिव का चबूतरा क्षतिग्रस्त हालत में मौजूद था। कोतवाली में दोनों पक्षों की बैठक आयोजित की गई। पता चला कि मुसिलम समुदाय के कुछ लोगो का कहना था कि वह हमारे मस्जिद पर लाउडस्पीकर लगवा दे तो हम निर्माण की कोई सूचना पुलिस प्रशासन को नहीं देंगे । जबकि यह सुप्रीम कोर्ट की रनिंग के आधार परबिना अनुमति के किसी भी धार्मिक स्थल पर लाउडस्पीकर लगाना कानूनी । बाद में काफी देर तकचली बैठक के बाद निर्णय हुआ कि मंदिर का कोई निर्माण कार्य नहीं हो रहा है सिर्फ चबूतरा क्षतिग्रस्त होने के कारण उसे ठीक करने का कार्य किया जा रहा है । जिसके लिए दोनों पक्ष राजी हो गए । समझौता वार्ता में अब्दुल रहमान ,मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद इरफान, सलमानआकाश दिवाकर विशाल चौधरी ,दिनेश कुमार, ग्राम प्रधान पति साजिद मंसूरी के साथ-साथ विश्व हिंदू परिषद के बजरंग दल के जिला सह मंत्री पंकज सिंह बजरंग दल के नगर अध्यक्ष लकी चौहान ,अनुज सिंह,अनिरुद्ध आदि मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानाध्यापिका रीनू बंसल हुई सम्मानित

**चन्दौसी।** पुलिस लाइन बहजोई में स्वतंत्रता दिवस का समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में जनपद सम्भल के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय कैथल द्वितीय की प्रधानाध्यापिका रीनू बंसल को भी सम्मानित किया गया।

विद्यालय स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, नवाचारों को लागू करने और बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए उनके प्रयासों को सराहा गया। सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव, जिलाधिकारी सम्भल डॉ. राजेंद्र पैंसिया तथा पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों ने रीनू बंसल को प्रशस्तिपत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर



पर राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि शिक्षा की जड़ें समाज को मजबूत बनाती हैं।

?यदि शिक्षक अपने स्तर पर निष्ठा और समर्पण से कार्य करें तो आने वाली पीढ़ियाँ राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत बन सकती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी रीनू बंसल के प्रयासों की सराहना की और बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने की दिशा में उनके योगदान को प्रेरणादायक बताया। समारोह में भारी संख्या में गणमान्य नागरिक, अधिकारी, पुलिसकर्मी एवं आमजन मौजूद रहे।

## मथाना गांव में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का श्रद्धा के साथ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** छजलैट थाना क्षेत्र के गांव मथाना में भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन रामलीला मैदान में किया गया जिसमें श्रद्धा, भक्ति एवं आनंद के अलग-अलग रूप देखने को मिले सभी ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। जीवन में सुख-समृद्धि, संपन्नता की उत्तरोत्तर वृद्धि हो, ऐसी प्रार्थना की गई ।

शोभायात्रा का शुभारंभ ग्राम प्रधान ठाकुर पुष्पेन्द्र सिंह ने किया।

## प्रभात फेरी, ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के एफ.आर. इंटर कॉलेज चन्दौसी में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम पूरे हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन के नेतृत्व में निकाली गई प्रभात फेरी से हुआ। छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर नगर के फव्वारा चौक, मुरादाबाद गेट, बड़ा बाजार, खूबचंद बाजार और जारई गेट होते हुए नगरवासियों को स्वतंत्रता का संदेश दिया। फेरी पुन: विद्यालय पहुंचकर सम्पन्न हुई। इसके उपरांत विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक मोहम्मद फरीद शमसी, उपाध्यक्ष हाजी मतीनुद्दीन और प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य, गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखकर उपस्थित जनसमूह भाव-विभोर हो उठा। प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन ने सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी मतीनुद्दीन ने की तथा संचालन मोहम्मद हनीफ ने किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के मोहम्मद अनीस कुरैशी, हाजी मोहम्मद कासिम अंसारी, डॉ. बदरुज्जमां, शहाबुद्दीन एडवोकेट, हाजी



फहीमुद्दीन, हाजी मोहम्मद ताहिर सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विद्यालय स्टाफ से हाजी अब्दुल जाहिद, शफीक मियां, वाहिद हुसैन, सैयद अली असीम, वाजिद अली, मोहम्मद नाजिघ्र, मोहम्मद माज, मोहम्मद यामीन, मोहम्मद अख्तर अंसारी, रिजवान अहमद खान, मोहम्मद गौस, हुमायूं शमसी, अब्दुल शारिक, एजाज अहमद, अनवर परवेज, जमील अहमद, अकील अहमद, महजबी, शाजिया खानम्, भावना गुप्ता, राशि त्यागी, रेखा चौधरी, खुशबू, नाजमा, शबनूर, शफीक अहमद, जावेद आलम, शबाब अली, मोहम्मद सुभान, जुबेर आलम, पंकज बहुखंडी, अनुराग सिंह, इकराम वेग, रोशन सलीम, निसार अहमद, कमरुद्दीन, जफरुद्दीन, फैसल, मोहम्मद यामीन सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## एक नजर

### चन्दौसी के गणेश मन्दिर पर हुआ महाभिषेक का आयोजन



**चन्दौसी।** मिनी वृंदावन नगरी चंदौसी में गणेश जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले मेला गणेश चौथ के 65वें महोत्सव के आयोजन को लेकर सीतारोड स्थित गणेश मंदिर पर बाबा गणपति का महाभिषेक मंदिर महंत सुधांशु उपाध्याय ने मंत्रोंचारण के साथ मंदिर सेवादार राहुल चौधरी एवं मनोज गुप्ता मीनू समेत उपस्थित श्रद्धालुओं से कराया। महाभिषेक के दौरान पंच पुरोहितों द्वारा वेद मंत्रों से गणेश स्तुति की गई। मन्दिर सेवादार मनोज गुप्ता मीनू ने अपने पिता डॉ. गिरिराज किशोर गुप्ता का स्मरण करते हुए आज के पल को यादगार बनाया। मन्दिर सेवादार राहुल चौधरी ने बताया कि महाभिषेक में दूध, दही, घी, बूरा, शहद के साथ गंगोत्री, यमनोत्री सहित 31 गंगा कुंडो का पवित्र जल को प्रयोग में लाया गया जिसको नगर के श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न स्थानों से लाकर मन्दिर पर एकत्रित करके बाबा गणपति का महाभिषेक किया जाता है। आज से मन्दिर परिसर का श्रृंगारकार्य शुरू होगा, मन्दिर को आकर्षित बनाने के लिए मन्दिर के सभी श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहता है। महाभिषेक के अंत में मन्दिर की आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार रूपी, डॉ राजीव गुप्ता, मुकेश ब्रेड, मेजर शशिकांत गुप्ता, संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डॉ. शेखर वार्ष्णेय, सुशांत गुप्ता, योजना गुप्ता, अंजू गुप्ता, संध्या गुप्ता, रजनी चौधरी, सीमा गुप्ता, विनीता गुप्ता, नीतू गुप्ता, गुंजन गुप्ता, प्रतिभा चौधरी, दैविक गुप्ता, कनिष्क गुप्ता, पंडित अनिल शर्मा, सुशील भोलेनाथ, शुभम अग्रवाल आदि श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

### ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** स्वतंत्रता दिवस का उत्सव ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कुढफतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव-गांव स्थित सरकारी व निजी संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। कुढफतेहगढ थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप राज सिंह ने ध्वजारोहण किया। ग्राम पंचायत कुढफतेहगढ स्थित पंचायत घर में ग्राम प्रधान पति हरवीर सिंह उर्फ पप्पू यादव ने ध्वजारोहण किया। दारनी में स्थित पंचायत घर पर ग्राम प्रधान अनिरुद्ध कुमार ने तिरंगा फहराया, ग्राम पंचायत बिचौटा काजी स्थित पंचायत घर पर ग्राम प्रधान कमल सिंह यादव ने तिरंगा फहराया, धनुपुरा स्थित पंचायत घर पर ग्राम प्रधान ठाकुर वीकेश कुमार ने तिरंगा फहराया। वहीं दियौरा खघस में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें ग्रामीणों ने बाइक पर सवार होकर हाथों में तिरंगा लेकर बिचौटा चौराहा कुढ़फतेहगढ़ होते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में उदयवीर सिंह, पूरन सिंह, महीपाल, अर्जुन सिंह, यादराम सिंह आदि ग्रामीण शामिल रहे।

### सैनिक सम्मान समारोह में वीर जवानों का हुआ सम्मान



**चन्दौसी।** युवा जाट महासभा चन्दौसी (सम्भल) के तत्वावधान में रविवार को अशोक नगर स्थित आशीष गार्डन में भव्य सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेना के वीर जवानों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने देश की सुरक्षा, अखंडता और गौरव की रक्षा में अनुकरणीय योगदान दिया है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. दीप्ति सिंह (आईआरटीएस), लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुमार सिंह (एवीएसएम, वीएसएम), रियर एडमिरल डा0 राजीव सिंह और प्रदेश अध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने सैनिकों के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि समाज का प्रत्येक नागरिक उनके ऋणी है। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और युवाओं ने भाग लिया। मंच संचालन समिति के पदाधिकारियों ने किया तथा कार्यक्रम में देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों और नारों ने वातावरण को भावुक कर दिया। युवा जाट महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से नई पीढ़ी में देशभक्ति और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना प्रबल होती है। कार्यक्रम में राजव. ीर सिंह माथुर नोएडा, डा0 हरवेन्द्र सिंह, अरुण प्रताप सिंह, दुष्यंत सिंह, चौधरी महावीर सिंह, अनेक सिंह, से0नि0 एसआई सत्यवीर सिंह, पूर्व एमएलसी पप्पू चौधरी, चौधरी महावीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# श्रीनारायण सेवा समिति की कला प्रतियोगिता संपन्न

## 19 विद्यालयों के 283 प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर उकेरे आकर्षक चित्र

**चन्दौसी।** श्रीनारायण सेवा समिति चंदौसी के तत्वावधान में पूर्व निर्धारित 'कला प्रतियोगिता' रविवार को नगर के 19 विद्यालयों के प्रतिभागियों की परीक्षा तीन केंद्रों-सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगगढ़ी, चंदौसी पब्लिक स्कूल तथा सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई जिसमें रजिस्टर्ड 365 में से 283 उपस्थित जबकि 82 अनुपस्थित रहे। संपूर्ण प्रतियोगिता चार वर्गों में विभाजित थी। प्रथम वर्ग में हमारा तिरंगा झंडा या जल बचाओ, द्वितीय वर्ग में वंशी वादक श्रीकृष्ण या वर्षा का दृश्य, तृतीय वर्ग में स्वच्छता अपनाओ रोग भगाओ या सबसे ऊंचा पुल चिनाब तथा चतुर्थ वर्ग में ऑपरेशन सिंदूर या वृक्षारा. ेपण अभियान के चित्र बनाकर अपने मनपसंद रंग भरने को दिए गए। बच्चों ने अपनी रुचि के अनुसार विकल्प का चुनाव कर सुंदर एवं आकर्षक चित्र उकेर कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्ष निरीक्षकों में प्रवीण कुमार, नूपुर अग्रवाल, रमन शर्मा, अभिजीत सिंह, नीरज पाल, योगेश कुमारी, वंदना गर्ग, ललित कुमार, रेखा चक्रवर्ती, बबीता, रणजीत कौर तथा सोम



शर्मा ने सहयोग किया। डॉ. डी.के. अग्निहोत्री, विपिन गुप्ता, सूर्यजीत सिंह, डॉ. आशीष यादव एवं मुकुंद अग्रवाल केंद्र पर्यवेक्षक रहे। समिति के कृष्णगोपाल मंगलम, विपिन बालाजी, दृगपाल, हरीश कठेरिया एड., डॉ. जयशंकर दुबे, आशा गोस्वामी, नितेश उपाध्याय, बृजगोपाल गुप्ता ने विशेष सहयोग किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के शिक्षक - शिक्षिकाएं तथा अभिभावक बंधु उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का मुकेश माहेश्वरी ने फीता काटकर कराया शुभारंभ



**कांठ।** सैनी धर्मशाला कांठ में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी की झांकियां एवं मटकी फोड़ उत्सव का शुभारंभ रात्रि को भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी द्वारा फीता काटकर किया गया। मास्टर बाबूराम सैनी ने माल्यार्पण कर पहले उनका स्वागत किया समिति के अध्यक्ष बलबीर सिंह सैनी ने अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान , डॉ नेपाल सिंह , चंचल पाल , अभय बिश्नोई, एडवोकेट महेंद्र प्रजापति, अम्बरीष शर्मा, सुधीर चौहान, धर्मपाल सैनी, ओमपाल सैनी, ओम राज प्रधान जी आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## जन्माष्टमी मेले के दंगल में पहलवानों ने दिखाए दम



**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** शनिवार को कुढफतेहगढ स्थित युवक मंगलदल के मैदान में दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर मेले का आयोजन किया गया। मेले में दंगल का आयोजन किया गया जिसमें अन्य जनपदों से आये पहलवानों ने भाग लिया और कुश्ती प्रतियोगिता में अपने अपने दांवपेंच दिखाये। अंजलि पहलवान मेरठ को मोहनसिंह पहलवान मुरादाबाद ने पटकनी देकर हराया, वीर बहादुर पहलवान मथुरा ने राशिद पहलवान गुरेर को पटकनी दी, शिवम पहलवान चन्दौसी ने शौकौन पहलवान मुरादाबाद को पटकनी दी, प्रवीण पहलवान मेरठ व राहुल पहलवान गोविन्दपुर का मुकाबला बहुत रोमांचकारी रहा और कुश्ती बराबर रही, राहुल बरखेड़ा ने जीतपाल सिंधोली को तथा बिजेंद्र रारेट ने श्याम पहलवान कछला को पटकनी देकर जीत हासिल की। दंगल में विजेता पहलवानों को मेला व्यवस्थापक हरवीर सिंह उर्फ पप्पू यादव की ओर पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र सिंह यादव ने किया। वहीं मेले में दर्शकों ने झूले आदि का लुत्फ उठाया और चांट, पकौड़ी, जलेबी आदि का जायका लिया। महिलाओं ने सौन्दर्य प्रसाधन की दुकानों से खरीदारी की। रात्रि में दर्शकों ने देहाती कार्यक्रम नौटंकी देखकर मनोरंजन किया। आसपास के गांव पैगारफातपुर बलकरनपुर, धर्मपुर, शहबाज पुर, गंदूपुरा, भगतपुर, दारनी, चौंचुरी आदि गांवों के ग्रामीण मेले में पहुंचे। साथ ही कुढफतेहगढ पुलिस मेले में तैनात रही।

# अंगदान महादान पर बॉकथान रैली 500 से अधिक प्रतिभागी शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अंगदान के महत्व को समाज तक पहुँचाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब, रोट्रैक्ट क्लब, इंटरेक्ट क्लब एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चन्दौसी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को बॉकथान रैली (पथ संचलन) का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी सम्भल डॉ. पाठक, नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय और डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नितिन अग्रवाल ने रोटरी सुंदरलाल नेत्र चिकित्सालय से हरी झंडी दिखाकर किया। रैली बड़ा बाजार, हुसैनी बाजार, मुरादाबाद गेट पुलिस चौकी होते हुए भार्गव भवन, स्टेशन रोड पर संपन्न हुई। करीब दो किलोमीटर लंबी इस रैली में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं, रोटेरियन्स,



एनसीसी कैडेट्स और स्काउट्स ने हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर लोगों को संदेश दिया कि अंगदान महादान है। भार्गव भवन में आयोजित सभा में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन अग्रवाल ने कहा कि नेत्रदान, लिवर, किडनी, पेनक्रियाज और देहदान जैसे दान से किसी को नया जीवन मिल सकता है, इसलिए सभी को अंगदान का संकल्प लेना चाहिए। नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि अंगदान करके व्यक्ति मरने के बाद भी किसी के दिल में धड़क सकता है। डॉ. श्याम गोनी सक्सेना और अन्य वक्ताओं ने भी अंगदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभा का संचालन रोटेरियन राहुल बिंदल ने किया और सभी अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान गिरीश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, आशीष बंसल, अंकित वार्ष्णेय, विशाल अग्रवाल, दीपेश गुप्ता, वंदना अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, वीरेश अग्रवाल, राहुल वार्ष्णेय, पवन वार्ष्णेय, राहुल अग्रवाल, विद्युत सिंह, राजीव कृष्ण, निखिल अग्रवाल, लोकेश वार्ष्णेय, शालिनी अग्रवाल, छवि वार्ष्णेय, डॉ सर्वेश सक्सेना, मोनू अग्रवाल, तन्वी अग्रवाल, दिलीप रस्तोगी, मुरादाबाद से आए हुए गुरविंदर सिंह तथा अन्य शहरों से आए हुए रोटेरियन आदि उपस्थित रहे।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र मौ. नादिर को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मौ. नादिर के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मौ. नासिर पुत्र ऐवज निवासी मौहल्ला चांद वाली मस्जिद ग्राम पीपलसाना, जिला मुरादाबाद।**

## खाद लेकर लौट रहे युवक की ई-रिक्शा से गिरकर मौत

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बेरनी रीठ रोड पर ई-रिक्शा से खाद लेकर लौट रहे युवक हरिओम (22) पुत्र भूकन सिंह निवासी बेरनी की ईरिक्शा से गिरकर मौत हो गई। बता दें कि सहकारी किसान समिति बेरनी में होने के बाबजूद भी किसानों को समय पर खाद न ही नही मिल रहा है और किसान बाहर से खाद लाने को मजबूर हैं। शुक्रवार को हरिओम रीठ गांव से ई-रिक्शा में डालकर यूरिया खाद के कट्टे ला रहा था, तभी रास्ते में बेरनी के निकट ही बेरनी रीठ मार्ग पर ई-रिक्शा से गिर गया और सिर में गम्भीर चोट लगने से मौत हो गई। युवक की मौत से पत्नी संतोष, मां रीता तथा दो बहनें, पिता भूकन सिंह, छोटा भाई विकास आदि परिजन बहुत दुखी हैं।

दो वर्ष पूर्व ही हरिओम की शादी हुई थी। एक वर्षीय मासूम पीयूष के सिर से पिता का साया उठने से गांव वालों की आंखें नम हो गई। परिजनों ने अपराह्न बाद अन्तिम संस्कार कर दिया।

## चिकित्सा कैंप लगाकर मरीजों का किया उपचार

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव मुडिया राजा में रुस्तमनगर सहसपुर के डॉक्टर उमर पाशा ने चिकित्सा कैंप लगाकर मरीजों का निशुल्क उपचार कर उन्हें दवाइयां वितरित की। इस बीच 100 से अधिक मरीज ने परामर्श कर स्वास्थ्य लाभ लिया। मौजूदा समय में एलर्जी बुखार से पीड़ित लोगों की संख्या ज्यादा थी। डॉ उमरपाशा ने मरीजों को खान-पांच संबंधी जानकारी भी दी ताकि रोगों से बचा जा सके। सहायक मोहम्मद शोएब, हिशाम रजा, मोहम्मद जैद आदि सहित अनेको मौजूद रहे।

# रामढोल शोभायात्रा का विधायक कमाल अख्तर एवं गणमान्य लोगों ने किया शुभारंभ

**कांठ।** प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी परंपरा का निर्वहन करते हुए आयोजक कमेटी द्वारा श्री रामडोल शोभायात्रा निकाली गयी। मुख्य अतिथि ने भगवान श्री कृष्ण के चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके बताए मार्ग पर चलने का आवाहन किया।

शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक कमाल अख्तर, मुकेश माहेश्वरी कुंबर सुरेंद्र सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा राजपाल सिंह प्रजापति ने फीता काटकर किया। महासभा के जिला अध्यक्ष भावेश शर्मा ने झांकियो में शामिल स्वरूपों का विधि विधान से पूजन कराया। मुख्य अतिथि ने भगवान श्री कृष्ण के विषय में कहा कि वह 16 कलाओं से परिपूर्ण थे और उन्होंने अपने बाल्य काल से ही




अपने समय में दुष्ट और अत्याचारियों का वध करके पूरे संसार को अच्छे कार्य करने का संदेश दिया।

रामडोल शोभायात्रा शिव मो. हिनी मंदिर से प्रारंभ होकर नेता उपदेश चौराहा, मेन बाजार, पुराना बस स्टैंड, रामलीला मंदिर, संत रविदास मंदिर, पट्टीवाला होते हुए अपने गतंव्य पर पहुंची। शोभा यात्रा में सबसे आगे घनश्याम सिंह पहलवान व्यायाम शाला के पहलवान हैरतंगेज करतब दिखाते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष राकेश कुमार, उपाध्यक्ष संजय नंबरदार, नवनीत पहलवान, पूर्व अध्यक्ष सनी विश्नोई, राजेंद्र बिश्नोई, पिंटू बिश्नोई, सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, संजीव पाटिल, राजीव कुमार, संजीव विश्नोई, डॉक्टर जितेंद्र कुमार, सुमन कुमार, एडवोकेट शुभम बिश्नोई , अजयवीर सिंह, राजीव कुमार, अरविंद राना, धर्मेन्द्र, देवेंद्र बिश्नोईआदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, चौकी इंचार्ज सुमित यादव पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

# बुनकरों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता टाइम्स

**बिलारी।** सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान समेत कई सपा विधायकों ने खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा, एवं वस्त्रोद्योग तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान से मिलकर बुनकरों से संबंधित समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसानी के बाद दूसरा बड़ा उद्योग कपड़ा उद्योग ही है जो उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा मात्रा में रोजगार देता है।

अगर सरकार बुनकरों को सस्ती बिजली देती है, तो जरूर उत्तर प्रदेश की इकोनॉमी एक ट्रिलियन डॉलर होना संभव है। ज्ञापन में कहा गया कि पावरलूम बुनकरों को फलैट रेट और सस्ती दरों पर विद्युत आपूर्ति दी जाए। बिलारी में राजकीय सूत डिपों की



स्थापना की जाए। इसके अलावा अघोषित बिजली कटौती से उत्पादन भी कम हो पा रहा है। इस दौरान सपा विधायक बिलारी हाजी मौहम्मद फहीम इरफान, मेरठ कैंट विधायक रफीक अंसारी, नूरपुर के विधायक रामौतार सैनी, भोजीपुरा बरेली विधायक शहजिल इस्लाम, मुबारकपुर आजमगढ़ के विधायक अखिलेश यादव, नजीबाबाद विधायक हाजी मौ0 तसलीम आदि मौजूद रहे।

# भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी और गोवर्धन पर्वत उठाने की प्रसिद्ध कथा सुनकर श्रोतागण हुए मंत्रमुग्ध

**ठाकुरद्वारा।** नगर की सिंचाई विभाग कालौनी में स्थित मनोकामना पूर्ण शिव मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत् में कथावाचक ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पार्वत उठाने की मनोहर कथा का प्रसंग सुनकर श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए ।

रविवार को श्रीमद् भागवत् में कथावाचक पंडित नितिन मोहन भारद्वाज गोपी सुमन ने बताया, कि भगवान श्रीकृष्ण छतों पर चढ़ जाते हैं, मटकियाँ तोड़ते हैं और पूरा माखन चट कर जाते हैं। जब पकड़ने जाते हैं तो भाग खड़े होते हैं। कई गोपियों ने नंद बाबा और माता यशोदा के पास जाकर अपनी व्यथा सुनाई। माता यशोदा ने जब कान्हा को डाँटा तो उन्होंने मासूमियत से कहा, मैया, मैंने कुछ नहीं किया। शायद मेरे सखाओं



ने खाया। हालांकि, कृष्ण के हाथ-मुँह पर माखन के स्पष्ट निशान देखकर यशोदा मैया भी मुस्कुरा उठीं। गाँव वालों का कहना है कि कान्हा की ये माखन चोरियाँ कोई साधारण अपराध नहीं, बल्कि उनकी दिव्य लीलाएँ हैं जो सबके हृदय को छू लेती हैं। साथ ही कथावाचक ने बताया कि भगवान श्री कृष्णा ने गोकुल में भाद्रपद मास की प्रतिपदा का दिन ब्रजवासियों के लिए चमत्कारी सिद्ध हुआ। देवराज इंद्र के प्रकोप से पूरे ब्रज को बचाने के लिए बालक श्रीकृष्ण ने केवल अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को सात दिन तक उठाकर रखा। जानकारी के अनुसार, इंद्र अपमानित महसूस कर रहे थे क्योंकि नंद बाबा ने उनके निर्देश पर इंद्र पूजा बंद करके गोवर्धन पर्वत की पूजा शुरू कर दी थी। क्रोधित इंद्र ने ब्रज पर प्रलयकारी मूसलाधार बारिश शुरू कर दी। पूरा क्षेत्र जलमग्न होने लगा, गौएँ और लोग भयभीत हो उठे। तब सिर्फ सात वर्ष के बालक कृष्ण ने सभी ब्रजवा. सियों को सुरक्षा प्रदान करने का अद्भुत उपाय निकाला। उन्होंने गोवर्धन पर्वत को एक हाथ की छोटी उंगली पर उठा लिया और सारे गाँव को उसकी छत्रछाया में इकट्ठा कर लिया। सात दिन और सात रातों तक कृष्ण ने बिना थके पर्वत को संभाले रखा, जबकि इंद्र अपने समस्त मेघों से ब्रज पर कहर बरपा रहे थे। अंततः, इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। उन्होंने बारिश रोकी और भगवान कृष्ण से क्षमा याचना की। इस अद्वितीय घटना की स्मृति में आज भी 'गोवर्धन पूजा' का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है, जहाँ गोवर्धन पर्वत की प्रतीकात्मक पूजा होती है और अन्नकूट बनाया जाता है। 'ब्रजवा. सियों का कहनारू' कान्हा ने साबित कर दिया कि वे सिर्फ हमारे प्रिय बालक नहीं, बल्कि स्वयं भगवान हैं। उनकी लीला अतुलनीय है। कथा में गीता शर्मा, उमेश देवी, सावित्री देवी, कुसुमलता देवी,पिंकी देवी, पूनम देवी, ज्योति राजपूत, धर्मपाल सिंह, तन्नू सिंह, मेघनाथ सिंह, वीरेन्द्र शर्मा, नागेंद्र सिंह , करन सिंह, रिंकू चौहान, रंजीत राजपूत, मनोज सिंह,पुष्पेंद्र यादव,अभय गौड़ रिशु चौहान, आदि शामिल रहे।

# धूमधाम से निकलेगी मेला फूलडोल शोभायात्रा, फुंकेगा कंस का पुतला भी

**बिलारी।** 19 अगस्त को नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन के नेतृत्व में धूम धड़ाका रहेगा। शाम 4:00 बजे मंदिर गमादेवत से आल. ीशान मेला फूलडोल शोभायात्रा बैंड बाजे और डीजे के साथ आरंभ होगी जो झंडा चौक रैली चौक, सराफा बाजार गांधी आश्रम नई सड़क गांधी मूर्ति चौराहा बस अड्डा कोतवाली के सामने से महाराणा प्रताप चौक पहुंचेगी।

वहां से शाहबाद रोड पर होकर मंदिर पौड़ा खेड़ा में लगे मेला फूल डोल में शामिल हो जाएगी वहां कमेटी की ओर से आतंक और बुराई के प्रतीक कंस का पुतला दहन किया जाएगा। मेले में सौंदर्य प्रसाधन, चाट पकौड़ी गोलगप्पे चाऊमीन बर्गर झूला आदि की दुकान रहेंगी। कमेटी द्वारा स्वरूपों और कलाकारों को पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक के दौरान पुलिस



क्षेत्राधिकार अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने कमेटी सदस्यों के साथ मेले के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर चर्चा की। बैठक में अध्यक्ष संजय जैन, सुरेंद्र कुमार चुग, सुधीर अग्रवाल, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, रमाकांत गुप्ता, बिशन सिंह यादव, दुष्यंत चौहान, अखिलेश श्रीवास्तव,दिनेश प्रजापति, नीरज रोहिल्ला,अभिषेक शर्मा एडवोकेट, नितिन डूडेजा, अभिषेक पांडे सभासद, नरेश गुप्ता बिजली वाले, शशांक जैन, राजेश प्रजापति, विशाल गुप्ता, विनोद शर्मा, जनता बैंड के मास्टर सलीम, महेश कश्यप, मनोज अग्रवाल, कौशल ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर आदि रहे।

# छड़ी मेला स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे कोतवाली प्रभारी



**कुंदरकी।** सोमवार को नगर महमूदपुर माफी में छड़ी मेले का आयोजन होगा जिसमें रविवार को मैनाठेर नगर के महमूदपुर माफी में मैनाठेर कोतवाली प्रभारी किरण पाल सिंह चेयरपर्सन प्रतिनिधि मंगल सिंह सैनी छड़ी मेला स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। जबकि नगर महमूदपुर माफी में सोमवार को फूलडोल शोभायात्रा निकाली जाएगी

# प्राचीन राय सत्ती मंदिर पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मोहल्ला महाजनान स्थित प्राचीन राय सत्ती मंदिर पर भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ। भजन संध्या के शुभारंभ श्री राधा रमण सत्संग समिति के संयोजक सचिन गौरव ने दीप प्रज्वलित कर किया। भजन संध्या 9 बजे से आरंभ होकर रात्रि भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव समय 12 बजे प्रसाद वितरण के बाद संपन्न हुई। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर भक्तों ने 12 बजते ही नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन गाकर कार्यक्रम को भक्तिमय कर दिया। भजन संध्या में श्री वृंदावन धाम की प्रचारक पायल गुप्ता ने अपनी महिला समिति के साथ धार्मिक भजनों पर प्रस्तुति देकर वातावरण



को धार्मिक और आनंद में कर दिया। भजन संध्या समापन पर सभी भक्तों को श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सचिन गौरव, माधवय गुप्ता, असित गुप्ता, अंकुर गुप्ता, अतुल गुप्ता, विकास गुप्ता, मनु गुप्ता, नरेश गुप्ता, राम गुप्ता, विनोद गुप्ता, तेजस गुप्ता, सुमित गुप्ता सभासद, रवि रस्तोगी, सौरभ, सचिन गुप्ता, आशीष गुप्ता, राज जोशी, रामगिरी आदि रहे महिला भक्त जनों में पायल गुप्ता, गौरांगी गुप्ता, नैन्सी गुप्ता, रूपाली गुप्ता, मंजरी गुप्ता, शोभना गुप्ता, पूर्वी गुप्ता आदि रही।

# रालोद ने विधानसभा क्षेत्र में चलाया सदस्यता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा ग्राम खिरवा व दुरवेशपुर में सदस्यता अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान सेकड़ो लोगों ने राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद प्रदेश सचिव रणवीर सिंह व एससी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी ने कहा कि रालोद किसानों, मजदूरों एवं गरीबों की सच्ची हितेषी है। हर वर्ग का आदमी रालोद से जुड़ा हुआ है। रालोद आगे भी सब सभी वर्ग के लोगों के हित के लिए अपना कार्य करती रहेगी। उन्होंने बताया की सदस्यता अभियान के दौरान काफी संख्या में लोग राष्ट्रीय लोक दल से जुड़ रहे हैं। सभी कार्यकर्ता मिलकर इस अभियान को सफल बनाएंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल के विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद प्रदेश सचिव रणवीर सिंह दहिया, एससी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी, विनय मललापुर, अरविंद तोमर मोनू ढिडाला, सचिन चौधरी, रजा खिरवा, नसीम प्रधान दुरवेशरजा जैदी, प्रधान जी हसन मेंहदी, मनव्वर प्रधान, दीपक कसाना, अरविंद जाटव, अमरपाल प्रधान, अब्बास जैदी, अफसर जैदी, शान जैदी,आदि मौजूद रहे।

# मदरसे में फहराया गया तिरंगा झंडा



**लोनी।** पूर्व विधायक हाजी जाकिर ने लोनी जिंतुल इस्लामी मदरसा में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर बच्चों ने देश भक्ति के नजम व गीत पेश किए और देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले सभी हिन्दू मुसलमान शहीदों को याद किया अपने संबोधन में हाजी जाकिर ने कहा कि देश की आजादी में हमारे बुजुर्गों ने बड़ी कुबानिया दी है हिन्दू मुस्लिम सभी ने एकजुट होकर देश से अंग्रेजों को निकालने का काम किया था। पूर्व विधायक ने बताया कि उन के मरहूम दादा मुस्तफा अली आजाद हिंद फौज के सिपाही थे। इस मौके पर मौजूद हाजी बाबू कुरैशी ने बच्चों के प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा की।

# अपेक्स बिल्डर के खिलाफ बीकेयू का जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) के बैनर तले आज सिद्धार्थ विहार स्थित अपेक्स बिल्डर के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि बिल्डर सतनाम ने बिहार के ठेकेदार परमल से पूरा कार्य करवा लेने के बावजूद लगभग 5 करोड़ रुपये की बकाया राशि पिछले तीन वर्षों से रोक रखी है। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह ठेकेदार और श्रमिकों के



साथ सरासर अन्याय है। बिल्डर द्वारा भुगतान रोके जाने से ठेकेदार व उससे जुड़े सैकड़ों परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं और उनका जीवन-यापन प्रभावित हो रहा है। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, प्रदेश व जिले के सभी पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता दूर-दराज क्षेत्रों से आकर धरने में शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में प्रशासन से ठोस कार्रवाई करने की मांग की।

# जन्माष्टमी के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**गाजियाबाद।** जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर रिवर हाइट्स सोसाइटी राज नगर एक्सटेंशन में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सोसाइटी के बच्चों ने भक्ति भजन एवं नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए, लोगो ने काफी बढ़ चढ़ कर समारोह मे हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बालकिशन गुप्ता (बालू भाई) भी उपस्थित रहे। बालकिशन गुप्ता जो कि राष्ट्रीय व्यापार मंडल के गाजियाबाद से जिलाध्यक्ष भी हैं एवं पूर्वोत्तर रेलवे बोर्ड के मेंबर भी हैं।

# भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने की नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महामन्त्री अजय प्रमुख और राष्ट्रीय प्रवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता अयूब अली ने तीन बड़ी घोषणाएँ की पहली एडवोकेट भुपेन्द्र चौधरी को भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। दूसरा गीता निगम को प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा मनोनीत किया, तीसरा ललित भाटी गिरधरपुर को अध्यक्ष पाश्चिम उत्तर प्रदेश मनोनीत किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी ने कहा कि आज पूरे देश में किसान दुखी हैं हमारा संगठन किसानों के लिए संघर्ष करेंगा।

राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख ने कहा कि सरकार किसानों को लूट रही है। राष्ट्रीय प्रवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता अयूब अली जी ने कहा सरकार किसानों के साथ तानाशाही कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर किसानो को लूटने में लगे हैं। पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष ललित भाटी ने कहा कि गौतम बुद्ध नगर में ग्राम पंचायत समाप्त की जा रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति बदहाल है। इस अवसर पर प्रीति, साधना, डॉ इरफान जयसवाल, अंकित प्रधान, कृष्णवीर, नितिन, मोनू, विकास, अनुज, अरविन्द, अभय, मोहन, आलम खान, वकील खान, पवन चौधरी, देवेन्द्र चौधरी, रविन्द्र चौधरी, सुधीर लोर, विनोद राठी, सतवीर नेता जी, सौनवीर सिंह खुटैल, प्रवीण चौधरी, मोहित मलिक,जन हित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय त्यागी आदि सम्मानित साथी उपस्थित रहे।



# पीएमजेएफ लायंस क्लब ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ऊर्जावान गवर्नर पी एम जे एफ लायन विनय सिसोदिया के आह्वान पर लायंस क्लब गाजियाबाद संकल्प द्वारा आज 15 अगस्त को संकल्प इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूम धाम से मनाया गया। स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा रैली निकाली गई, भारत माता की जय के नारे लगाए गए। बच्चों को बूंदी और समोसा भी वित. रित किया गए। इस मौके पर अध्यक्ष लायन वंदना स्वरूप, सचिव लायन नेहा रैना, कोषाध्यक्ष लायन नलिनी नंद मौजूद रहीं।

# भारत ने वर्ल्ड गेम्स में जीते तीन पदक

● भारत ने चीन के चेंगदू में आयोजित प्रतियोगिता में एक रजत और दो कांस्य पदक जीते




**चीन, वार्ता।** भारत ने वर्ल्ड गेम्स 2025 का समापन रविवार को रिकॉर्ड तीन पदकों के साथ किया। भारत ने चीन के चेंगदू में आयोजित प्रतियोगिता में एक रजत और दो कांस्य जीते। पदकों की संख्या के लिहाज से यह वर्ल्ड गेम्स में भारत का शानदार प्रदर्शन है। इससे पहले भारत ने जर्मनी के कार्लजुए में 1989 में पावरलिफ्टिंग में दो पदक जीते थे। ऋषभ यादव ने व्यक्तिगत पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी में कांस्य जीतकर भारत को 2025 वर्ल्ड गेम्स की पदक तालिका में दर्ज कराया। इसके बाद नम्रता बत्रा ने महिलाओं की सांडा 52 किग्रा स्पर्धा में रजत पदक जीता, जो कि वर्ल्ड गेम्स में वुशु में भारत का पहला पदक था। आनंदकुमार वेलकुमार ने भी अपनी लय को बरकरार रखते हुए पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट इनलाइन स्पीड स्केटिंग ट्रैक स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने इस मल्टी स्पोर्ट द्विवार्षिक प्रतियोगिता में देश के लिए पहला रोलर स्पोर्ट्स पदक जीता। कुछ करीबी मुकाबले भी हुए, जिनमें भारत पदक जीतने से चूक गया। अभिषेक वर्मा मेंस कंपाउंड व्यक्तिगत कांस्य पदक मुकाबले में ऋषभ से हारकर पोडियम पर जगह नहीं बना सके। इसके अलावा, भारतीय बिलियर्ड्स खिलाड़ी शिवम अरोड़ा को मिक्स्ड हेबॉल पूल कांस्य पदक मैच में चीन के तांग चुनशियाओ से 5-4 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, आर्यनपाल सिंह घुमन ने 200 मीटर टाइम ट्रायल इनलाइन स्पीड स्केटिंग ट्रैक स्पर्धा में 0-083 सेकेंड से कांस्य पदक से चूक गए।

# सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास किया

● एशिया कप में भारत की कप्तानी करेंगे, 19 अगस्त को टीम सिलेक्शन में होंगे शामिल



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। अब वे 9 सितम्बर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे। 34 साल के सूर्यकुमार 19 अगस्त को मुंबई में चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के साथ मिलकर 15 सदस्यों वाली भारतीय टीम का सिलेक्शन करेंगे।

सूर्यकुमार यादव ने जून 2025 में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया (लोअर-राइट एब्डोमेन) की सर्जरी करवाई थी। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में अपना रिहैब प्रोग्राम पूरा किया और अब उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन खत्म होने के बाद वे विशेषज्ञ से सलाह लेने के लिए यूनाइटेड किंगडम भी गए थे। उन्होंने सर्जरी के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा था कि लाइफ अपडेट, निचले-दाएं पेट में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई। सर्जरी सुचारू रही और मैं रिकवरी की राह पर हूं। जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद है। आईपीएल 2025 में दूसरे टाप रन स्कोरर सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सीजन में 717 रन बनाए और मुंबई इंडियंस के लिए एक सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे बल्लेबाज बने। पूरे टूर्नामेंट में वे दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, केवल गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन (759 रन) उनसे आगे रहे। भारत का पहला मैच यूएई से भारत, पाक, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हान्ग कान्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितम्बर को यूएई, 14 को पाक और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत और पाक ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितम्बर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितम्बर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टाप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मैच भी हो सकता है।

## देविका ने जीता मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन 2025 का खिताब

**मलेशिया, वार्ता।** भारतीय शटलर देविका सिहाग ने रविवार को मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन 2025 टूर्नामेंट में हमवतन ईशारानी बरुआ को हराकर महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। यहां 25 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 100वें स्थान पर काबिज देविका ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ईशारानी को 15-7, 15-12 से हराया। देविका सिहाग के करियर का पहला अंतर्राष्ट्रीय चैलेंज खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2024 में इंटरनेशनल सीरीज लेवल पर स्वीडिश ओपन और पुर्तगाल इंटरनेशनल खिताब जीते थे। इससे पहले मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में देविका ने पूर्व जूनियर विश्व नंबर वन व चौथी वरीयता प्राप्त मीर को रौंदा।

# एशियाई युवा पैरा खेलों के 'लोगो' का अनावरण

● एशियाई युवा पैरा गेम्स में एशियाभर के 45 देशों के लगभग 1500 युवा पैरा एथलीट 11 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे

**दुबई, वार्ता।** दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा खेलों की आयोजन समिति ने एपीसी सम्मेलन और आम सभा के दौरान अपने लोगो का अनावरण किया, जो इस क्षेत्र के सबसे समावेशी खेल आयोजनों में एक और रोमांचक मील का पत्थर साबित होगा।

दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा गेम्स में एशिया भर के 45 देशों के लगभग 1500 युवा पैरा एथलीट 7 से 14 दिसंबर तक 11 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नया लॉन्च किया गया लोगो, जिसमें चार प्रमुख तत्व शामिल हैं, पैरा खेलों की जीवंत भावना को दर्शाता है और साथ ही दुबई की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को एक गौरवशाली मेजबान शहर के रूप में दर्शाता है। डिज़ाइन के प्रत्येक तत्व का एक विशेष अर्थ है:

**दुबई:** मेजबान शहर, नवाचार और समावेशिता का प्रतिनिधित्व करता है। **ज्वाला:** गति, जुनून और ऊर्जा का प्रतीक - ऐसे गुण जो युवाओं और खेल दोनों को परिभाषित करते हैं। एथलीट और व्हीलचेयर मोशन आइकॉन: पैरा एथलीटों की सक्रियता और युवाओं की गतिशील भावना का प्रतिनिधित्व। **पाम जुमेराह:** दुबई का एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त स्थल, जो स्थानीय पहचान को भव्यता और आधुनिकता के साथ सुदृढ़ करता है। इस बीच, इस कार्यक्रम में 'बॉर्न टू राइज' स्लोगन का भी अनावरण किया गया - यह स्लोगन पूरे एशिया के युवा पैरा-एथलीटों के उत्साह, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन को दर्शाता है। एशियाई पैरालंपिक अध्यक्ष माजिद रशीद ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि यह एशियाई पैरालंपिक परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एशियाई युवा पैरा खेल लचीलेपन, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का उत्सव हैं, और हमारे एथलीट हमारे मिशन के केंद्र में हैं। यह घोषणा सभी प्रतिभागियों के लिए खेलों की तैयारी के दौरान स्पष्टता भी प्रदान करती है। हम स्थानीय आयोजकों को खेलों की दूसरी बार मेजबानी की तैयारी में उनके समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। एशियाई युवा पैरा खेल, युवा सशक्तिकरण के एपीसी के मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और हम दुबई में एक और शानदार आयोजन की दिशा में हो रही प्रगति को देखकर रोमांचित हैं। रशीद ने आगे कहा कि हमें विश्वास है कि सुलभता और नवाचार पर अपने जोरदार ध्यान के साथ, दुबई एशिया के युवा पैरा एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करेगा। दुबई क्लब फॉर पीपल ऑफ डिटरमिनेशन के अध्यक्ष और खेलों के स्थानीय आयोजक, थानी जुमा बेरगाड ने एक वीडियो संदेश में कहा कि लोगो का अनावरण करना हमारे लिए गर्व का क्षण है। समय की कमी के कारण हमें जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उसके बावजूद, इन चैंपियनशिप के उद्देश्य और युवा प्रतिभाओं को तराशने में उनकी भूमिका में हमारे गहरे विश्वास ने हमें इस चुनौती को एक अवसर में बदलने की प्रेरणा दी।

# चोटिल अनाहत एनएसडब्ल्यू स्क्वैश बेगा ओपन में रहीं उपविजेता

● चौथे गेम में 4-10 से पिछड़ने के बाद टखने की चोट से जूझ रहीं अनाहत को रिटायर होना पड़ा




**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त चोटिल भारतीय किशोरी अनाहत सिंह रविवार को एनएसडब्ल्यू स्क्वैश बेगा ओपन 2025 के महिला एकल वर्ग में रिटायर होकर उपविजेता रहीं।

यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में अनाहत चोटिल होकर रिटायर हुईं और उन्हें मिस्र की हबीबा हानी के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। यह पहली बार है जब वह पीएसए कॉपर-स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही है। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत ने पहला गेम 11-9 से जीतकर शानदार शुरुआत की, लेकिन हानी ने वापसी करते हुए अगले दो गेम अपने नाम कर लिए। चौथे गेम में 4-10 से पिछड़ने के बाद टखने की चोट से जूझ रहीं अनाहत को प्रतियोगिता से रिटायर होना पड़ा। सेमीफाइनल में, दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने अपनी चोट से जूझते हुए मिस्र की नूर खफागी को 3-2 (10-12, 11-5, 11-5, 10-12, 11-7) से हराया। अनाहत ने राउंड ऑफ 16 में ऑस्ट्रेलिया की सारा कार्डवेल को 3-0 (11-3, 11-3, 11-4) से हराने के बाद क्वार्टरफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की हेले वार्ड को 3-0 (11-4, 11-9, 14-12) से हराया। इससे पहले उन्हें शुरुआती दौर में बाई मिली थी। इस बीच, हबीबा हानी ने सेमीफाइनल में भारत की पाँचवीं वरीयता प्राप्त आकांक्षा सालुंखे को 3-1 (11-9, 7-11, 12-10, 11-6) से हराया था।

# ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने इंडिया 'ए' को हराया

● एलीसा हीली ने नाबाद 137 रन और विल्सन ने 59 रनों की पारी खेली, तालिया ने तीन विकेट लिए




**ब्रिस्बेन, वार्ता।** तालिया मैक्ग्रा (तीन विकेट) के बाद एलिसा हीली (नाबाद 137) और तालिया विल्सन (59) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने रविवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंडिया ए को 133 गेंद शेष रहते नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में स्वयं का सुपड़ा साफ होने से बचा लिया।

इंडिया ए यह सीरीज 2-1 से जीती है। 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ए के लिए तालिया विल्सन और एलिसा हीली की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़े। 17वें ओवर में राधा यादव ने तालिया विल्सन 51 गेंदों में 59 रन को आउटकर इंडिया ए को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी रेचल ट्रेनामेन ने एलिसा हीली के साथ दूसरे विकेट के लिए 85 रनों की अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को 27-5 ओवर में एक विकेट पर 222 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। इंडिया ए की ओर से एकमात्र विकेट राधा यादव को मिला। इससे पहले आज यहां इंडिया ए टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए के लिए शेफाली वर्मा और नंदिनी कश्यप की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़े। 19वें ओवर में तालिया मैक्ग्रा ने शेफाली वर्मा (52) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में एला हेवर्ड ने नंदिनी कश्यप (28) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया ए को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंडिया के बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा कर विकेट गंवाता चला गया। तेजल हसबनिस (एक) और राघवी बिष्ट (18) रन बनकर आउट हुईं। तेजल हसबनिस (42), तनुश्री सरकार (17), मिन्नू मनी (पांच), कप्तान राधा यादव (18), साइमा ठाकोर (शून्य) पर आउट हुईं। 48वें ओवर में सियाना जिंजर ने तनुजा कंवर (15) को आउटकर इंडिया ए की पारी का 216 के स्कोर पर अंत कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से तालिया मैक्ग्रा ने आठ ओवर में 40 रन देकर तीन विकेट लिये। सियाना जिंजर, एला हेवर्ड और अनिका लीरॉइड को दो-दो विकेट मिले। लूसी हैमिल्टन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अपने अंतिम समय में भी, मैक्सवेल जीत सकते हैं एक और विश्व कप

**केर्न्स, वार्ता।** द. अफ्रीका के खिलाफ निर्णायक टी20 मैच से पहले, मैक्सवेल से पूछा गया कि क्या वनडे से संन्यास लेने के बाद उन्हें अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर की समाप्ति तिथि पर विचार करने का मौका मिला है। उन्होंने उत्साह से कहा, 'नहीं।' अगर वह चाहें, तो अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाला टी-20 विश्व कप इस प्रारूप के महान खिलाड़ियों में से एक के लिए एक उपयुक्त शुरुआती बिंदु होगा। यह विश्वास करना मुश्किल है कि वह दो साल और खेल पाएंगे, जबकि 2028 का विश्व कप ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। शनिवार शाम को उन्होंने बल्ले से दिखाया कि वह अब भी क्या कर सकते हैं, 36 गेंदों में नाबाद 62 रनों की शानदार पारी खेलकर एक अनिश्चित लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को जीत की ओर ले गए।

# पाक की एशिया कप टीम से बाबर-रिजवान बाहर



**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने अनुभवी खिलाड़ियों बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को एशिया कप के लिए टी-20 टीम में शामिल नहीं किया है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चयनकर्ताओं ने यूएई में होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला और एशिया कप के लिए सलमान आगा की अगुवाई वाली 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इन दोनों सीरीज के लिए बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को टीम में जगह नहीं मिली है। बाबर ने आखिरी बार पाकिस्तान के लिए अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में दिसंबर 2024 में प्रतिनिधित्व किया था। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2025 में उन्होंने पेशावर जलमी के लिए सात मैच खेले थे जिसमें नाबाद 56, नाबाद 53 और 94 का स्कोर शामिल है। हाल ही में वह विंडीज में हुई एकदिवसीय सीरीज टीम का भी हिस्सा थे। इस सीरीज में उन्होंने 47, शून्य और नौ रन बनाए थे। इसी के साथ रिजवान भी पाक की टी-20 टीम से बाहर चल रहे है। उन्हें भी विंडीज और बांग्लादेश के खिलाफ हुई टी-20 सीरीज से बाहर रखा गया था। हालांकि रिजवान अभी भी वेस्टइंडीज के साथ हुई एकदिवसीय सीरीज में टीम के कप्तान थे। जहां उन्होंने पहले मैच में 53 रन बनाए थे लेकिन उसके बाद 16 और शून्य का स्कोर किया था।

# ज्वेरेव को हरा अल्काराज फाइनल में

सेमीफाइनल में अल्काराज ने जर्मनी के ज्वेरेव पर 6-4-, 6-3 से जीत दर्ज की



**अमेरिका, वार्ता।** स्पेन के स्टार कार्लोस अल्काराज ने सिनसिनाटी ओपन में अस्वस्थ एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर लगातार सातवें टूर-लेवल फाइनल में जगह बना ली जहां उनका मुकाबला उनके प्रबल प्रतिद्वंद्वी जैनिक सिनर से होगा। शनिवार रात खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में अल्काराज ने जर्मनी के अस्वस्थ चल रहे ज्वेरेव पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। शुरुआती सेट का निर्णय अल्काराज के शानदार प्रदर्शन से हुआ। लेकिन पसीने से लथपथ ज्वेरेव को दूसरे सेट में शारीरिक रूप से संघर्ष करना पड़ा। शुक्रवार को बेन शेल्टन के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में अपनी प्रभावशाली जीत के दौरान फिजियो द्वारा उपचार प्राप्त करने वाले जर्मन खिलाड़ी को दूसरे सेट में 2-1 के स्कोर पर मेडिकल टाइमआउट के लिए कोर्ट छोड़ना पड़ा और मैच के बाकी हिस्से में उनकी स्थिति स्पष्ट रूप से कमजोर रही। मैच के बाद अल्काराज ने कहा कि किसी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ खेलना कभी आसान नहीं होता जिसके बारे में आपको पता हो कि वह पूरी तरह से स्वस्थ नहीं है। यह और भी मुश्किल हो जाता है जब यह पता हो कि वह शानदार खिलाड़ी है और कोर्ट के बाहर इतना अच्छा इंसान है। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। दूसरे सेमीफाइनल में सिनर ने फ्रांस के टेरेंस एटमैन को 7-6 (7-4), 6-2 से हराया, जिससे उनकी हार्ड-कोर्ट जीत का सिलसिला 26 मैचों तक पहुंच गया। ये दोनों युवा सितारे इस खेल की सबसे कड़ी नई प्रतिद्वंद्विता के रूप में उभरे हैं, और सिनर ने विंबलडन में अपने पिछले मुकाबले में जीत हासिल की थी। दोनों ने अपने सेमीफाइनल मुकाबलों की कठिनाई को स्वीकार किया।

## नायब सैनी को कबड्डी के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र मिला

यह प्रतिष्ठित सम्मान हरियाणा के पंचकुला में आयोजित कबड्डी प्रदर्शनी कार्यक्रम में सबसे बड़ी भागीदारी के आयोजन के लिए प्रदान किया गया

**नई दिल्ली, वार्ता।** होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (हिप्सा) ने आज हरियाणा भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को कबड्डी के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र प्रदान किया।

हिप्सा अध्यक्ष कांथी डी-सुरेश और जीआई-पीकेएल के संस्थापक कार्तिक दम्मू ने हरियाणा के मुख्यमंत्री को यह प्रमाणपत्र प्रदान किया।

यह प्रतिष्ठित सम्मान हरियाणा के पंचकूला में आयोजित कबड्डी प्रदर्शनी कार्यक्रम में सबसे बड़ी भागीदारी के आयोजन के लिए प्रदान किया गया, जिसने इस पारंपरिक भारतीय खेल के लिए एक नया वैश्विक मानक स्थापित किया। इस वर्ल्ड रिकॉर्ड कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र के एथलीटों, युवाओं और खेल प्रेमियों की व्यापक भागीदारी देखी गई, जिसने कबड्डी के गढ़ के रूप में हरियाणा की विरासत को और मजबूत किया। हाल ही में पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में शुरू हुए छठे राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कबड्डी मैच की शुरुआत करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया और प्रतिभागी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। सैनी ने विश्वास व्यक्त किया कि हरियाणा के खिलाड़ी 2036 के ओलंपिक में भारत के लिए सर्वाधिक पदक जीतेंगे और वैश्विक मंच पर देश का नाम रोशन करेंगे।

# पुलिस की निष्क्रियता के चलते क्षेत्र में अज्ञात चोरों का आतंक

■ मजदूर के घर से नकदी समेत जेवरात और कीमती सामान चोरी



शाह टाइम्स संवाददाता

ठाकुरद्वारा। करीब एक माह से चोरों के आंतक के साए में लोग रातों को जाग कर गुजार रहे है। गांव और घरों की सुरक्षा के लिए पूरी रात लोग अपनी छतों पर बैठकर अज्ञात चोरों से सुरक्षा कर रह है। लेकिन कोतवाली में तैनात हल्काइंचार्ज व अन्य कोई पुलिस कर्मी ने आज तक रात में गांव में गश्त नही की है। इस पुलिस की लापरवाही के कारण अज्ञात चोरों का आंतक से ग्रामीण दहशत में है। इसके बाद भी बीती रातह कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला में अज्ञात चोरों ने सराजुददीन उर्फ नटटो पुत्र मेंहदी हसन के घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दीवार फांद कर घर में प्रवेश किया और घर में रखे संदूक का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये की नकदी और पांच चांदी के जेवरात सहित कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। सराजुददीन ने बताया कि वह अपनी पत्नी के मकान की छत पर सो रहा था, जबकि चोरों ने उनके घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने बड़ी ही सफाई से वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित सराजुद्दीन ने बताया कि चोरों ने उनके घर से 50 हजार रुपये की नकदी और पांच चांदी के जेवरात चोरी किए हैं। वह किसी को देने के लिए उधार लाया था वह प्रति दिन सुबह काशीपर मजदूरी करने जाता है, रविवार की सुबह करीब 4.00 बजे बिना घर चेक किए मजदूरी करने गया, उसकी पत्नी ने घर चोरी होने की जानकारी दी है, अभी पुलिस को कोई सूचना नही दी गई है।

## मां-बेटों के खिलाफ मारपीट व छेड़छाड़ का केस दर्ज

भोजपुर। थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने युवक के खिलाफ बेटी के साथ छेड़छाड़ करने एवं उसके भाईयों और माता के खिलाफ शिकायत करने थाने आने पर रास्ते में रोककर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुक. दमा दर्ज कराया है। रविवार की सुबह को युवती घर से कुछ दुरी पर मजार पर कपडे धो रही थी।ल्लड़की को अकेला देखकर गांव का नबाबुल पुत्र नबाब. जान साथ चलने के लिए कहने लगा। मना करने पर नबाबुल उसके साथ छेडखानी करने लगा। बेटी ने घर वापस जाकर सारी बात बताई। बेटी को साथ लेकर थाने आने लगी तो रास्ते में नबा. बुल उसका भाई बाजिद व हामिद पुत्र नवावजान और मां गुलनाज ने रास्ते में रोककर गन्दी गालीयां देकर लाठी डन्डो से मुझे और मेरी बेटी को मारा पीटा। सिर व नाक में गहरी चोटें लगी हैं। आरोपियों ने थाने में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाकियू ने पट्टीवाला में शोकसभा कर गुरुजी की आत्मा की शांति के लिए की ईश्वर से प्रार्थना



शाह टाइम्स संवाददाता

कांठ।भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने विनोद नंबरदार के निवास मोहल्ला पट्टीवाला मे स्वामी राजेंद्रानंद महाराज के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनकी आत्मा शांति के लिए गायत्री मंत्र का जाप करते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया। भाकियू कार्यकर्ताओ ने उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की चर्चा की, बताया गया कि गुरु राजेन्द्रानंद जी का जन्म भगवानपुर रैनी गाँव जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश मे हुआ था गुरु जी को बचपन् से ही गऊ माता से लगाव था बाल्यकाल में ही गुरु जी संतों के संरक्षण मे चले गये थे उनका जीवन संसार में धर्म की रक्षा और धर्म को सुरक्षित रखने और मानस जीवन को सफल बनाने में रहा। उनका स्थान कोई नहीं भर सकता। गुरुजी जहां भी कथा करते वहां मिले हुए दक्षिणा को वहीं पर दान करते थे मंदिर बनवाने या गौशाला के विस्तार में उस धन को खर्च करते थे उन्होंने कभी भी अपने स्वार्थ के लिए कोई भी कार्य नहीं किया गुरुजी ने बिश्नोई समाज ही नहीं सभी समाज के लोगों पर अपना प्रभाव छोड़ा अन्य समाजों के व्यक्ति गुरु जी से प्रेरित होकर उनसे हमेशा जुड़े रहते थे।इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह, हरदीप सिंह, विनोद नंबरदार, अजय सिंह, रणजीत सिंह, सतबीर सिंह मान, पुष्पेंद्र सिंह, बलराज सिंह, प्रमोद बिश्नोई, सुशील बिश्नोई, अशोक नंबरदार, अमित कुमार, गगन बिश्नोई, अरविंद बिश्नोई जॉनी आदि मौजूद रहे।

# आईएफटीएम में धूमधाम से मनाई गई 'श्री कृष्ण जन्माष्टमी'



शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर में गतवर्षो की भाँति "श्री कृष्ण जन्माष्टमी" का पर्व अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित 'ओंक. ार धाम' मन्दिर को पुष्पों की लड़ियों व विद्युत बल्ब की झालरों एवं उत्सव में प्रयोज्य वस्तुओं आदि से बहुत ही मनमोहक रूप में सजाया गया। विश्व. विद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल एवं विश्वविद्यालय कार्यकारिणी की सम्मानित सदस्या श्रीमती रश्मि कोठीवाल ने आनंदनंदन श्री कृष्ण भगवान का विधि-विधान के साथ पूजन व उनकी महिमा का गुणगान किया। साथ ही उन्होंने समस्त विश्वविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं भी दीं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने पूजा अर्चना व कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को अपने जीवन श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्री कृष्ण द्वारा दिए उपदेशों व शिक्षाओं का पालन करने हेतु प्ररित करने के साथ ही कार्यक्रम के आयोजकों के प्रयास की सराहना भी की। कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल एवं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने भी भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की तथा फूलों से सजे झूले में लड्डू गोपाल जी को झूला झुलाया व आरती की।

इस दौरान अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्र के निर्देशन में छात्रावासों में रह रहे छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करके मन को छू लेने वाले भजन, संगीत और नृत्य का भी प्रदर्शन कर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का जश्न मनाया। डॉ. मिश्र ने कहा कि 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी' का यह अवसर हम सभी को प्रेम, कड़ी मेहनत, सामाजिक संबंध, कर्म आदि सुखी एवं समृद्ध जीवन के लिए उपयोगी भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं का पालन करने का संदेश देता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. शाहबाज, श्री सत्यर्थम, सुश्री अनुकृति मिश्रा और छात्रावास के विद्यार्थियों आर्यन पाठक, राहुल कुमार, आदित्य कुमार, आर्यन कुमार, कमल एवं रिया शर्मा, नम्रता एवं अंशिका समेत छात्रावास सहायक श्री चितरंजन सिंह एवं श्रीमती रूमा सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## पहली पत्नी को चाकू मारकर घायल करने के आरोपी पति को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। क्षेत्र के गांव मकरंदपुर में पहली पत्नी के घर पर पहुंचकर पति ने चाकू से बार करके उसे गंभीर घायल कर दिया। इस मामले को लेकर दूसरे पति ने आरा. ेपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी को जानलेवा हमला करने सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया। वहीं घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया। बिलारी के गांव मकरंदपुर निवासी नन्हे पुत्र जयदेव सिंह ने प्रेम विवाह किया था। उसकी पत्नी पहले पति को छोड़कर नन्हे के साथ रहने लगी थी। बीती 10 अगस्त को पहला पति झांसी के थाना टोड़ी फतेहपुर के गांव एवनी कमलेश पुत्र मोहन पति की गैर मौजूदगी में घर में घुस आया। इस बीच पहली पत्नी को चाकू घोंपकर फरार हो गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायल अवस्था में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां से जिला अस्पताल को रेफर किया गया। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले में पुलिस ने हमले के आरोपी पहले पति कमलेश को गिरफ्तार करके उससे चाकू बरामद कर दिया।

## एक नजर

### स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में लगाया चिकित्सा शिविर





मुरादाबाद। भारत विकास परिषद शिवाजी शाखा द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज दिनांक 15 अगस्त को एक ब्रृहद निशुल्क दंत परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर स्माइल डेंटल स्टूडियो निकट कंपनी बाग में डाक्टर रो. मिल शिंघल एवं डाक्टर स्वाती शिंघल के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें अनेक दंत रोगियों की निशुल्क जांच की गयी एवं उन्हें निशुल्क टूथपेस्ट आदि बितरित किये गये। शाखा अध्यक्ष डाक्टर आर के शर्मा..सचिव एस के दीक्षित. संरक्षक पी के अग्रवालश्री अनुष बंसल उपाध्यक्ष एवं डाक्टर अंशुमान गौड द्वारा सहयोग दिया गया। हम शिवाजी शाखा के सभी सदस्यगण इस पुनीत कार्य के लिए डाक्टर रोमिल शिंघल एवं बिशेष रुप से डाक्टर स्वाती शिंघल के अथक प्रयासों एवं सहयोग के लिए आभार प्रकट करते है आभार एस के दीक्षित सचिव ने व्यक्त किया।

### निरंकारी मिशन का वननेस वन, हरियाली संग सेवा समर्पण कार्यक्रम आयोजित



कांठ। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के निर्देशन में संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 'वननेस वन' परियोजना के पांचवें चरण का आयोजन देशभर के 600 से अधिक स्थलों पर श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। संत निरंकारी मंडल के सचिव, जोगिन्दर सुखीजा जी ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि 'वननेस वन' अभियान केवल हरियाली फैलाने की पहल नहीं है, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ाव, मानवीय उत्तरदायित्व और सह-अस्तित्व की भावना को सुदृढ़ करने का एक समर्पित प्रयास है। वर्ष 2021 में आरंभ हुआ यह अभियान अब ऐसे हरे-भरे वृक्षों में परिणत हो चुका है, जो लघु वनों का स्वरूप ले चुके हैं। इन वनों में प्रवासी पक्षियों की वापसी और जैव विविधता का पुनरुत्थान यह प्रमाणित करता है कि यह प्रयास केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं, बल्कि प्रकृति के पुनर्जीवन का माध्यम भी बन चुका है। रोपे गए पौधों की देखभाल और संरक्षण का यह संकल्प उन्हें घने, स्वावलंबी वनों में परिवर्तित करने की दिशा में एक ठोस कदम है जिससे आने वाली पीढ़ियाँ भी इस सजीव विरासत से लाभान्वित हों सकेंगी। बताया कि वृक्ष लगाना केवल एक कार्य नहीं अपितु एक संस्कार है। सेवा करना केवल कर्तव्य नहीं, एक साधना है जिसे निरंकारी मिशन बखूबी निभा रहा है।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भीकनपुर में निकाली शोभायात्रा

कांठ। जन्माष्टमी के उपलक्ष में भीकनपुर गांब में पिछले वर्षों की भांति इस बार भी धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमे हांडी फोड़ कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। बच्चे श्री कृष्ण के बाल रूप में वस्त्र पहनकर जन्माष्टमी में आकर्षण का केंद्र बने। मुख्य अतिथि चौधरी बृजेश कुमार प्रदेस सचिव ऑल इंडिया शेयर प्राइस डीलर शॉप एवं जिला अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद रहे। उन्होंने बताया कि भीकनपुर में यह कार्यक्रम लगभग 10 वर्षों से होता आ रहा रहा है आयोजन में सुनील कुमार कश्यप चंद्रपाल सोमपाल भगत जी धर्मेंद्र दिवाकर काफी लोगों का सहयोग रहा।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का आईजी व डीएम व एसपी सहित भाजपा के नेताओं ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

ठाकुरद्वारा। पुलिस लाइन में बीती रात्रि श्री कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों द्वारा मनमोहन झांकियां व कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक डीआईजी मुरादाबाद रेंज मुनिराज जी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद सतपाल अंतील एवं डीएम मुरादाबाद अनुज व पुलिस विभाग के मुरादाबाद जिले के समस्त अधिकारी व कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह एमएलसी डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त , शहर विधायक रितेश गुप्ता , भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल , मुरादाबाद के विभाग के प्रचारक एवं व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान ने सामूहिक रूप से भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया । कार्यक्रम में गौरव चौहान ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जीवन से सदैव प्रेरणा प्राप्त करनी चाहिए उन्होंने अपने विवेक बुद्धि और अपनी अलौकिक क्षमता के साथ लीला दिखाते हुए अधर्म पर चलने वालों को सबक सिखाया।

## बस मालिकों ने लगाया टीआई पर चालान के नाम पर पांच हजार रुपये प्रति बस से रिश्वत मांगने का आरोप

ठाकुरद्वारा। सड़क किनारे खड़े बसों को टीआई द्वारा मोबाइल से फोटो खींचकर ऑनलाइन चालान न काटने के नाम पर पांच हजारो रूपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए बस मालिकों ने कोतवाली पहुंचकर टीआई के खिलाफ जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। जबकि टीआई ने बस मालिको द्वारा चालान के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप को निराधार बताया है।

बतादें कि काफी समय से स्योहारा, जसपुर डिलारी प्राइबेट बस ओनर्स एसोसिएशन ठाकुरद्वारा की बसें नगर में सुरजननगर मार्ग पर खड़ी रहती है। रविवार को टीआई ने नगर के बाबूरामपाल सिंह द्वार के निकट खड़ी प्राइवेट बसों के मोबा. इल से फोटों खींचना शुरू कर दिया। आरोप है कि टीआई ने बसों के नौ पार्किंग में चालान करने के नाम पर प्रति बस पांच हजार रूपये की रिश्वत की मांग की। इससे गुस्साएं बस मालिक यूनियन अध्यक्ष गुडडू राजपूत के नेतृत्व में एकत्र होकर भारी संख्या में कोतवाली पहुंचे। जहां पर बस मालिकों ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल का घेराव करते हुए टीआई द्वारा चालान के नाम पर मांगे गए पांच हजार रूपये के मामलें की जांच कराकर टीआई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर कोतवाली प्रभारी ने टीआई से फोन पर वार्ता कर मामलें को शांत किया। टीआई ने बताया कि नगर में काफी संख्या में प्राइवेट बसें नौ पार्किंग में खड़ी होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची नो पार्किंग में खड़ी बसों की चालान के लिए फोटो की खींची गई थी। लेकिन बसों मालिको के कहने पर किसी बस को चालान नही काटा गया है। चालान के नाम पर प्रति बस पांच हजार रूपये रिश्वत मांगने का आरोप सरासर गलत है और निराधार है।

# भाजपा सरकार के विकास कार्यों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान



शाह टाइम्स संवाददाता

कुंदरकी। रविवार को कुंदरकी विधानसभा के रतनपुर कलां मंडल की कार्यकर्ता संवाद बैठक आर एस गार्डन रतनपुर कलां में हुई। बैठक के प्रारंभ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। बैठक में विधायक ठाकुर रामबीर सिंह ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे युवा कार्यकर्ता बहुत सजग हैं, उसमें और मजबूती प्रदान करने की जरूरत है। हम आप सब मिलकर गांव गांव घूम कर सरकार द्वारा किए गए कार्य को मजबूती से आमजन तक पहुंचाने का संकल्प लें। हम आज कार्यकर्ता ही नहीं एक सशक्त प्रहरी हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि पार्टी द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम को अपने-अपने बूथ तक पहुंचाएंगे। भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को आमजन तक पहुंचाने की बात कही। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं की बदौलत ही विश्व में सबसे बड़ी पार्टी बनी है। आज हमारा संगठन बहुत ही मजबूत है। कार्यकर्ता के त्याग तपस्या के बल पर ही तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने। बैठक में कार्यकर्ताओं की समस्याएं भी कुंदरकी विधायक ने सुनी और संबंधित अधिकारियों से समाधान को कहा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, मंडल महामंत्री राजबीर सैनी, यादराम पाल, सोनू ठाकुर, दयाराम राजपूत, रजनीश शर्मा, कृपाल सिंह, यशोदा देवी, चंदन प्रजापति, पवन चौधरी, मनीष, इरशाद, राजपाल कश्यप, होशियार सिंह, मगनवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व का समापन





शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व का समापन हुआ। आज बृहद यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें आचार्य अनुज शास्त्री ने रमाशंकर आर्य -प्रभा सैनी,प्रज्ञांशु रस्तोगी -ज्योत्सना रस्तोगी,संजय कुमार, केदार आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात आचार्य कुलदीप विद्यार्थी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किये । इस अवसर पर मुख्य अतिथि सौ वे वर्ष में प्रवेश करने वाले वरिष्ठ पितामह चमनलाल निझावन तथा विशिष्ट अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के सहायक चीफ मैनेजर वी के अग्रवाल रहे और अध्यक्षता डा राममुनि ने की। इस अवसर पर आचार्य अनुज शास्त्री ने बताया कि श्रीकृष्ण का चरित्र इतना पावन रहा कि हम 50220वर्ष बाद भी समस्त भारत में श्रीकृष्ण के प्रतिआकर्षक उत्साह पूर्ण बना हुआ है । श्रीकृष्ण द्वापर युग के राष्ट्र नायक रहे है, वह द्वापर युग के संवाहक थे। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए महाभारत जैसे युद्ध में बिना शस्त्र के अर्जुन के सारथी बने जबकि दुर्योधन ने उनकी नारायणी सेना को लेकर युद्ध किया। उन्होंने जयद्रथ,कंस, शिशुपाल नरकासुर राक्षक आदि महारथी राजाओं को मारकर तत्कालीन जनता को सुख प्रदान किया और महिला जाति के अस्तित्व की रक्षा की। उन्होंने महाभारत जैसे युद्ध को टालने की भी काफी बार कौशिश की । स्वयं शांति दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। अपमान को सहन किया लेकिन पाण्डवों के लिए मात्र पांच गांव मांगे जिसको दुर्योधन ने तिरस्कृत किया था। अपमानजनक राजा के यहां भोजन और शयन न करके विदुर के घर रुककर साग खाकर तृष्णा शांत की। युधिष्ठिर का राजसूय यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात उनको राजा प्रतिष्ठित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ आर्य चमनलाल निझावन का सम्मान किया गया। समापन समारोह में ज्ञानेंद्र गांधी, रमेश सिंह आर्य एडवोकेट लोकेश आर्य डा आलोक कुमार कपिल आर्य सूर्य प्रकाश द्विवेदी रविंद्र आर्य रमाशंकर आर्य वेदमुनि संतोष कुमार गुप्ता अरविंद आर्यबंधु यशपाल आर्य राज. ेश नारंग अभिनव सिद्धार्थ सिंहल सक्षम रामसिंह निशंक निहाल सिंह आर्य ऋषिपाल यादव निर्मल आर्य, मनोज आर्य, विजयनंदन जसवंत सिंह आर्य प्रमोद कुमार यादव शन्नो गुप्ता प्रभा नारंग गायत्री आर्य पूनम शास्त्री ऊषा गुप्ता सुषमा श्रीधर पूनम कत्याल, मीरा सोती, ज्योति,अंजली आदि उपस्थित रहे।

## जाहरवीर गोगा महाराज के स्थान पर लगा मेला प्रसाद चढ़ा कर की सुख समृद्धि की कामना



ठाकुरद्वारा। नगर में फरीदनगर रोड स्थित ताली तालाब के निकट विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जाहरवीर गोगा महाराज के स्थान पर परंपरागत तरीके से नवमी मेंले का आयोजन किया गया । जिसमें नगर व क्षेत्र के श्रद्धालुओं बाबा के स्थान पर प्रसाद चढ़कर अपने घर परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। बाद में मेले में लगी दुकानों बच्चो और महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। इस दौरान पुजारी हीरालाल, आयोजक संजीव सिंघल , पंकज गुप्ता आदी मौजूद रहे।

# आईएफटीएम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ के स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर "भारत की यात्रा: स्वतंत्रता संग्राम से भविष्य की आकांक्षाओं तक" विषय पर अंतर्विद्यालयीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने युवाओं को आजादी प्राप्त करने में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के द्वारा दिए गए बलिदानों से अवगत कराए जाने पर बल दिया, जिससे कि वे आजादी के महत्व को समझ सकें। वहीं कार्यक्रम के संयोजक व स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक एवं प्रो. एस.बी. मिश्रा समेत सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का बारीकी से अवलोकन किया व उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टरों की सराहना भी की। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 19 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिनमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बीबीए- एलएलबी, चतुर्थ वर्ष की छात्रा नजफ फिरोज ने प्रथम, बीए- एलएलबी, तृतीय वर्ष की छात्रा अनोन्या ने द्वितीय एवं बीबीए-एलएलबी, द्वितीय वर्ष के छात्र उमंग अग्रवाल ने तृतीय स्थान पर रहे।

इस प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक डॉ. मिश्रा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इला अरोड़ा एवं स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज की डॉ. पूजा गुप्ता निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतिभागियों को स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक डॉ. मिश्रा व अन्य निर्णायक मंडल के सदस्यों ने पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री उर्जा अरीवान द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र सिंह समेत डॉ. मनीषा मटोलिया, डॉ. शिखा मिश्रा, डॉ. उदय वीर सिंह, डॉ. चित्रा सिंह, श्री विवेक. ानंद, श्री दिनेश सिंह सागर सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता की आयोजन सचिव सुश्री कल्पना शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 18 अगस्त 2025

# शब्दों की जादूगिरी

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) को लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी। उन्होंने दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया, प्रधानमंत्री मोदी अपने शब्दों की जादूगिरी से विपक्ष को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। इस अवसर पर एसआईआर विवाद के बीच पीएम मोदी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार दिल्ली के चारो तरफ है। यह दिखाता है जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। वे जनता से दूर हो चुके हैं। जमीन से दूर हो चुके है। एक तरफ मोदी अपने वैचारिक इकोसिस्टम को खाद-पानी देने की कोशिश कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ देश के समक्ष ठोस चुनौतियों से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, इनमें से एक की सफलता दूसरे की कीमत पर ही संभव है। प्रसंगवश बताते चलें कि लालकिले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लगातार 12वां स्वाधीनता दिवस संबोधन न सिर्फ इसलिए उल्लेखनीय था कि इसने राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को खास तवज्जो दी, बल्कि इसलिए भी कि इसने देश के सामने सांप्रदायिक रंगत वाले जनसांख्यिकीय खतरे पर जोर दिया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तारीफों के पुल बांधते हुए मोदी ने अपना पुराना राग दोहराया और कहा कि एक नये संकट के बीज बोये जा रहे हैं। उन्होंने जिसे देश की जनसांख्यिकी बदलने की सोची- समझी साजिश करार दिया, उससे निपटने के लिए उच्चाधिकार-प्राप्त जनसांख्यिकी मिशन का गठन, विभिन्न समुदायों के बीच जनसंख्या वृद्धि की अलग -अलग दरों और पड़ोसी देशों से दस्तावेज-विहीन प्रवासियों की घुसपैठ की ओर इशारा करके देश का धार्मिक आधार पर ध्रुव. ीकरण करने की एक बेपर्दा कोशिश से ज्यादा कुछ नहीं है। हालांकि, भाषण में ठोस मुद्दों पर भी बात की गयी, जिसमें अर्थव्यवस्था, रक्षा व प्रौद्योगिकी, और युवा सशक्तीकरण समेत सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता पर काफी फोकस था। मोदी ने बीते साल में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास परिख्रश्य में आये बदलावों का भी लेखा-जोखा पेश किया, और आगे क्या आसार हैं, इस पर बात की। मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों को सराहा और कहा कि इसने भारत की रक्षा क्षमताओं और स्वदेशी हथियारों की प्रभावशीलता का प्रदर्शन किया। उन्होंने इस मौके का इस्तेमाल भारत के दुश्मनों, खासकर पाकिस्तान, को चेतावनी देने के लिए करते हुए, आतंकवाद और सीमा-पार हमलों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति को रेखांकित किया। माओवादी विद्रोह के खिलाफ लड़ाई में मिली हालिया कामयाबी का भी जिक्र हुआ। जैसा कि मोदी ने ऐलान किया, एक पूर्ण स्वदेशी रक्षा प्रणाली मिशन सुदर्शन चक्र 'को साल 2035 तक विकसित व तैनात किया जायेगा। ज्यादा ब्योरा तो नहीं था, पर उन्होंने इसे एक शक्तिशाली हथियार प्रणाली बताया जो न सिर्फ दुश्मन के हमलों को निष्प्रभावी करेगी, बल्कि दुश्मन पर कई गुना ज्यादा पलटवार भी करेगी। वैश्विक शक्ति समीकरणों में तेजी से बदलाव के बीच, मोदी के स्वाधीनता दिवस संदेश का निशाना अमेरिका भी था जिसने कई भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी के भारी टैरिफ का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों की जादूगिरी अभी तक विपक्ष के हमलों का माकूल जवाब देने में नाकाम नहीं, तो कोई खास असर भी नहीं दिखा पाई है।

## सबको अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए



चुनाव आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है, चुनाव आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है, आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व चुनाव आयोग के कंधों पर है, माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं, लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं, जब चुनाव आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा, तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उसका रक्षा कवच बन जाएगा, सत्य के मार्ग पर चलने वालों के साथ जनता और जन विश्वास स्वयं चलने लगता है, सबको अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए।

**-अखिलेश यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सपा**

# निर्वाचन आयोग की प्रेस कान्फ्रेंस, जवाब 'NEXT'






पवन सिंह

क्या यही बहुत प्रचारित प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। आज जब सनसनाते हुए सवाल आने लगे तो जुबान ही चली गई। लगा कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस थी ही नहीं। यह तो वोट चोरी पर जस्टीफिकेशन था। मैं बेशक यह लिख सकता हूं कि केन्द्रीय चुनाव आयोग की यह प्रेस कांफ्रेंस बैक फायर कर गई है।

आम जनता के सुलगते सवालों पर कोई जवाब ही नहीं था। सीधे-सीधे सपाट शब्दों में लिखूं तो आयोग ने उल्टा ही अपने ऊपर और गहरा संदेह ओढ़ लिया। जनता के सवालों/संदेहों से आयोग के अधिकारियों के चेहरों से हवाई उड़ रही थी। इससे तो बेहतर होता आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलेआम सारा सच खोलकर इस्तीफा दे देते। इतिहास में अमर हो जाते। कितने दिनों तक और जियोगे। 10-15-20 साल। यह कलंक और लोकतंत्र की हत्या का बोझ लेकर। यह प्रेस कांफ्रेंस वही कर सकता था जो जमीर और आत्मा दोनों निकाल चुका हो।

आपने तो CCTV फुटेज पर ऐसा बेहूदा तर्क दिया कि क्या महिलाओं की वीडियो दिखानी है? पोलिंग बूथ के अंदर क्या महिलाएं स्नान करती हैं? क्या कपड़े बदलती हैं? क्या अंत:वस्त्र पहनती हैं। पोलिंग बूथ के अंदर फुटेज मांगने पर यह सड़कछाप तर्क रखने के लिए यह छपरीनुमा प्रेस कांफ्रेंस की थी क्या? ऐसा क्या है पोलिंग बूथ के फुटेज के भीतर कि आपको यह बेहूदा तर्क देना पड़ा?

डिजिटल वोटर रोल पर किस बात की गोपनीयता? क्या कोई सेना की तैनाती या गोपनीय जानकारी साझा करने को आपसे कह रहा है? आपकी ही भाषा में सवाल है कि क्यों चोक ले रही है आपकी? क्या जनता का मतदाता का यह अधिकार नहीं है कि वह डिजिटल वोटर लिस्ट देख सके? जब छपी हुई लिस्ट पहले से सार्वजनिक पटल पर है, तो उस लिस्ट का डिजिटल संस्करण दिखाने में दिक्कत क्यों हो रही है। SIR प्रक्रिया पर बेहूदगी से कन्नी काटकर निकल गए। हजारों जिंदा लोगों को मृत दिखा दिया और इस खेल में जो भी शामिल हैं सबको बचाया जा रहा है। जब परंज्वाय सीनियर पत्रकार ने निर्वाचन आयोग से एक सीधा व सपाट सवाल किया तो आयोग के अधिकारी सीधे सवाल से ही भाग निकले।

जब सवालों के जवाब देने की हैसियत ही नहीं थी और सच बताने का साहस ही नहीं था तो प्रेस कांफ्रेंस क्यों की थी और अगर की थी तो केवल पानी के बताशे टाइप्स मीडिया जुटा लेते। ऐसे NEXT कह कर भागना तो न पड़ता। निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी सीधे जनता के प्रति है और स्वस्थ लोकतंत्र को बचाने के प्रति है। अगर यही प्रेस कांफ्रेंस थी तो इसे नहीं करना चाहिए था। फिर से आप एक्सपोज हो चुके हो। शर्मनाक था तुम्हारा NEXT, आयोग जाने-अनजाने देश को ऐसे संघर्ष के दोषी और साक्षी बनेगा। जिसे कोई नागरिक देखना नहीं चाहता। समूची प्रेस कांफ्रेंस शर्मनाक रही। पूरे देश खासकर हिंदी बेल्ट में मतदाताओं की संख्या आश्चर्यजनक रूप से झोलझाल है। उदाहरण स्वरूप बनारस, मतदान केंद्र संख्या -206, कन्या प्राइमरी, शंकुलधारा, कश्मीरीगंज की एक लिस्ट में एक आदमी ने 13 साल में ही, एक कमरे में, इकलौती बीबी से 43 बच्चे पैदा कर डाले और सब के सब मेल। बिहार में जिन 17 को मरा दिखाया वह सब जिंदा निकले, बेंगलूर सेंट्रल में म.नं.-791 में 43 वोटर, मुजफ्फरपुर में एक ही पते पर 269 वोटर, जमुई में एक ही पते पर 267 वोटर, बिना पते के 2.92 वोटर, गोमतीनगर, लखनऊ में तमाम मृत लोगों के नाम की भी पर्चियां, खंदौली, आगरा में एक ही पते पर 510 वोट, कर्नाटक के एक ही मकान में 80 वोटर। सवाल प्रेस कॉन्फ्रेंस में उठे तो कन्नी काट कर भाग गए। शाम 5 बजे के बाद आश्चर्यजनक रूप से वोटिंग और जवाबदेही पर टका सा छतरी खोल टाइप उत्तर-NEXT, यहां सवाल किसी राजनी. तिक दल के हारने व जीतने का है ही नहीं। यहां सवाल निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता और लोकतंत्र के प्रति निष्ठा का है। आयोग ने अपनी विश्वसनीयता शून्य कर ली है। जो इस देश के लो. कतंत्र के लिए भयावह साबित होगा। अब जनता उन नेताओं के वो कान्फिडेंस से भरे उद्‌गारों को को-रिलेट कर रही है कि अब की बार। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश के खेल को जो तमाम तरह के संदेह से भरे हैं। मुझे याद है महाराष्ट्र में चुनाव परिणामों के बाद आम जनता ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया था और सोशल मीडिया पर उसकी जबरदस्त चर्चा हुई थी। मामला न्यायालय गया, लेकिन इसे खारिज कर दिया गया। हालांकि तमाम वीडियो वायरल हुए जिसमें सड़कों पर हजारों लोगों की भीड़ को नारेबाजी करते देखा जा सकता है। ये लोग ईवीएम हटाओ, देश बचाओ के नारे लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को शेयर करते हुए दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो महाराष्ट्र का है, जहां भारी संख्या में लोग ईवीएम के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। मेन स्ट्रीम मीडिया को इसे कवर नहीं करना था तो उसने नहीं किया। फिलहाल, चुनाव आयोग की साख पर बुरी तरह से बट्टा लग चुका है और यह एक बहुत बड़े आंदोलन का सबब बन सकता है। यह प्रेस कांफ्रेंस बैक फायर कर गई है।

**डिजिटल वोटर रोल पर किस बात की गोपनीयता? क्या कोई सेना की तैनाती या गोपनीय जानकारी साझा करने को आपसे कह रहा है? आपकी ही भाषा में सवाल है कि क्यों चोक ले रही है आपकी? क्या जनता का मतदाता का यह अधिकार नहीं है कि वह डिजिटल वोटर लिस्ट देख सके? जब छपी हुई लिस्ट पहले से सार्वजनिक पटल पर है, तो उस लिस्ट का डिजिटल संस्करण दिखाने में दिक्कत क्यों हो रही है। SIR प्रक्रिया पर बेहूदगी से कन्नी काटकर निकल गए। हजारों जिंदा लोगों को मृत दिखा दिया और इस खेल में जो भी शामिल हैं सबको बचाया जा रहा है। जब परंज्वाय सीनियर पत्रकार ने निर्वाचन आयोग से एक सीधा व सपाट सवाल किया तो आयोग के अधिकारी सीधे सवाल से ही भाग निकले।**

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आपदाओं से त्रस्त देवभूमि उत्तराखंड

**चाहे बादल फटे या लैंडस्लाइड हो, देवदार के पेड़ मलबा- पानी को नीचे नहीं आने देते थे क्योंकि हिमालय की उत्पत्ति के बाद से ही इसको मजबूत बनाए रखने में देवदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके जंगल काफी सघन होते हैं और इसके नीचे के हिस्से में बांज जैसी घनी झाड़ियां होती हैं जो बादल फटने पर भी हिमालय की मिट्टी को जकड़ कर रखती हैं जिससे ऐसी त्रासदी की सम्भावनाएं नगण्य रहती हैं, इसीलिए हिमालयवासी देवदार को भगवान की तरह पूजते हैं। किन्तु 19 वीं सदी में विल्सन के समय से जो इन पेड़ों को काटने का सिलसिला प्रारंभ हुआ आज तक अनवरत रूप से जारी है। समय की मांग है कि उच्च हिमालई क्षेत्र में देवदार के कटान पर पूर्णतरू रोक लगाई जाय और देवदार के जंगलों को फिर से विकसित किया जाए।**



डा. चंद्रप्रकाश शर्मा

भारत भूमि का उत्तर भाग जो वनाच्छादित व हिमाच्छादित रहा है तथा अनेक नदियों का उद्‌गमस्थल व झील-झरनों से परिपूर्ण है। यहां की शांति, एकांत व प्राकृतिक वातावरण प्राचीन काल से ऋषि, मुनियों,संतों व महापुरुषों को जप, तप व ध्यान हेतु अपनी ओर आकर्षित करता रहा है। उत्तराखंड तपोभूमि होने के साथ देव भूमि भी है क्योंकि पावन गंगा का उद्‌गमस्थल गंगोत्री और यमुना का उद्‌गमस्थल यमुनोत्री के साथ भगवान बद्रीनाथ की तपोस्थली बद्रीनाथ तथा आदि शंकराचार्य की निर्वाण स्थली व भगवान शिव की पवित्र भूमि केदारनाथ यहीं अवस्थित है। प्रश्न उठता है कि देवों की भूमि और ऋषि -मुनियों की तपोस्थली आज आपदाओं से त्रस्त क्यों है?

आज मानव का दृष्टिकोण बदला है। अब लोग देव दर्शन या साधना के निमित्त कम, पर्यटन की दृष्टिकोण से पहाड़ों की ओर अधिक गमन कर रहे है। देव दर्शन में संयम और श्रद्धा के साथ सीमित संसाधन का उपयोग करते हुए जप-तप और साधना पर ध्यान केंद्रित होता है जबकि पर्यटन में लोगों का आहार- विहार और व्यवहार पश्चात संस्कृति से प्रभावित होता है और मौज मस्ती उनका उद्देश्य होता है। इसी दृष्टि से प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक विभिन्न तीर्थ की यात्राएं करते हैं। उनकी सुविधाओं के दृष्टिगत ऑल वेदर रोड, सुरंग युक्त रेल परियोजनाएं, रोपवे,होटल, रिजॉर्ट्स और अन्य निर्माण कार्य बिना सही भूगर्भ जांच और पर्यावरण अध्ययन के सतत जारी है जिससे पहाड़ लगातार कमजोर हो रहे हैं।

अनियोजित, अवैज्ञानिक विकास कार्यो ने आपदाओं को बढ़ावा दिया है।हमें प्रकृति की संवेदनशीलता को समझना होगा क्योंकि पहाड़ों का एक पारितंत्र है,अगर हम उसका दोहन, उत्पीड़न व शोषण करेंगे तो उससे उसका पारितंत्र छिन्न-भिन्न होगा और उसका परिणाम हमें पर्वतीय क्षेत्रों में बार-बार होने वाली बाढ़ ,भूस्खलन, बादल फटना, अत्यधिक वर्षा, भूकंप, जंगल की आग आदि त्रासदियों के रूप में भुगतना पड़ेगा क्योंकि हमने केदारनाथ की जल प्रलय से कोई सीख नहीं ली और उसी का परिणाम है कि 5 अगस्त को धराली की जलप्रलय का हमें सामना करना पड़ा। इसके साथ ही बादल फटने से पर्यटन स्थल हर्षिल में भी तबाही हुई। खीर गंगा नदी में आई बाढ़ से 34 मिनट में धराली गांव जमींदोज हो गया। धराली-जल प्रलय से हमें प्रकृति के संदेश को समझना होगा कि यदि हमने नदियों के क्षेत्र का अतिक्रमण करते हुए होटल ,रेस्टोरेंट और आवास बनाए तो उसके गंभीर परिणाम हमें भुगतने होंगे। खीर गंगा के जलग्राही क्षेत्र में हमने जिस तरह निर्माण किया, उसी से आपदा ने विकराल रूप धारण किया क्योंकि गाद से बनी समतल भूमि जो नदी का प्राकृतिक बहाव क्षेत्र थी ,पर हमने मकान, होटल और रेस्टोरेंट बना दिए और खीर गंगा के प्राकृतिक बहाव को मोड़ते हुए घुमावदार धारा के साथ बंध बना दिए जिससे यह स्थान सुरक्षित रहे किंतु सैलाब आने पर वह हमेशा अपने पुराने प्राकृतिक मार्ग से होकर ही गुजरता है।

इसी कारण इस बार कीचड़ और मलबे का तेज बहाव उन मजबूत बंध को तोड़कर उस समतल भूमि पर फैल गया जहां हमने नदी क्षेत्र पर अतिक्रमण करके आधुनिक धराली गांव बसा लिया था जिसे प्रकृति ने अपने बहाव के लिए सुरक्षित रखा था।हमें नदियों के जलग्राही क्षेत्रों में निर्माण करने से बचना होगा क्योंकि धराली का मूल गांव आज भी सुरक्षित है लेकिन बाजार-होटल धाराशाई हो गए। हमें जल प्रलयकारी आपदाओं से बचने हेतु नदियों के किनारे -किनारे और उनके घुमावदार मार्ग से दूर मानव बसावट करनी होगी।जल और वृक्ष पहाड़ों की धरोहर है। धराली आपदा को देवदार के पेड़ रोक सकते थे क्योंकि धराली से ऊपर गंगोत्री वाले हिमालय क्षेत्र में देवदार पेड़ों की संख्या पहले बहुत अधिक थी और उत्तराखंड का उच्च हिमालई क्षेत्र देवदार के जंगलों से परिपूर्ण था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# घड़ियाल संरक्षण के 50 सालः क्या हम सफल हुए

18 जून को विश्व मगरमच्छ दिवस पर मगरमच्छ संरक्षण परियोजना की शुरुआत की स्वर्ण जयंती मनाई गई। भारत सरकार ने 1975 में जब घड़ियालों के संरक्षण के लिए व्यापक राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत की थी, तब यह उम्मीद थी कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सरकारी संसाधनों के साथ यह मछलीभक्षी मगरमच्छ कृ जिसे वैज्ञानिक भाषा में गैवियालिस गैंजेटिकस कहा जाता है कृ फिर से भारतीय नदियों में आबाद हो सकेगा। लेकिन आज, इस प्रयास के 50 साल बाद, हमें खुद से यह कठिन सवाल पूछना होगारू क्या हम वाकई घड़ियाल को बचा पाए हैं?

जब घड़ियाल की बात होती है, तो अक्सर उसे एक विलुप्तप्राय जलचर के रूप में देखते हैं - एक ऐसा जीव, जो अपने अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रहा है। लेकिन घड़ियाल सिर्फ एक प्रजाति का नाम नहीं है। उसकी उपस्थिति खुद में एक संकेत है, नदी की सेहत, पारिस्थितिकी संतुलन और जैव विविधता के प्रति हमारी संवेदनशीलता का।


घड़ियाल, अपनी पतली लंबी थूथन और मछलियों पर निर्भरता के कारण नदी पारिस्थितिकी का एक अनूठा जीव है। 20वीं सदी के आरंभ तक यह प्रजाति सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र, महानदी और इरावदी जैसे विशाल नदी तंत्रों में व्यापक रूप से पाई जाती थी। लेकिन 1940 के दशक में इसकी संख्या मात्र 5-10 हजार के बीच रह गई और 1970 के दशक तक यह 98 फीसदी से अधिक क्षेत्र से गायब हो चुकी थी। इसी संकट को देखते हुए, 1975 में भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन द्धथ्।व्भ्ऋ और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्धन्छक्च्ऋ के सहयोग से क्रोकोडाइल कंजर्वेशन प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य देश की तीन दुर्लभ घड़ियाल (मगरमच्छ) प्रजातियों, मगर और खारे पानी के मगरमच्छ को संरक्षित करना था। यह परियोजना 'पालन और पुन:प्रक्षेपण' विधि का उपयोग करके, बंदी अवस्था में मगरमच्छों को पालने और फिर उन्हें प्राकृतिक आवासों में छोड़ने पर केंद्रित थी। इसके अंतर्गत देश भर में 16 मगरमच्छ पुनर्वास केंद्र और 11 मगरमच्छ अभयारण्यों की स्थापना की गई। इनमें नेशनल चंबल सैंक्चुरी, कटर्नियाघाट, सतकोसिया, सोन घड़ियाल अभयारण्य और केन घड़ियाल अभयारण्य मुख्य है।

हाल की वार्षिक गणनाओं के अनुसार, आज भारत में वयस्क घड़ियालों की संख्या मात्र 650 के आसपास है, जिनमें से 550 नेशनल चंबल सैंक्चुरी में ही सीमित हैं। सवाल उठता है कि आधी सदी चले इस विशाल संरक्षण कार्यक्रम का परिणाम इतना सीमित क्यों है?

इसका जवाब संरक्षण की मूल रणनीति में निहित है कृ हमने बार-बार बंदी प्रजनन और पुन:प्रक्षेपण पर बल दिया, लेकिन उनकी प्राकृतिक निवास कृ नदियां कृ निरंतर संकट में रहीं। घड़ियाल की मौजूदगी यह भी दर्शाती है कि वह नदी अब भी जीवित है, उसमें प्रदूषण नहीं फैला है, उसमें प्रवाह बचा है, और उसमें जीवन पल रहा है। इसलिए वैज्ञानिक घड़ियाल को एक 'जैव संकेतक' मानते हैं - एक ऐसा जीव जो हमें बिना कुछ कहे यह बता देता है कि नदी कितनी स्वस्थ है।

घड़ियालों के जीवित रहने का पूरा दारोमदार नदियों पर है। वे खुले, बहावयुक्त नदी प्रवाह, रेत के टीलों और मछलियों की पर्याप्त उपलब्धता वाले वातावरण में ही पनप सकते हैं। लेकिन इन पांच दशकों में भारतीय नदियां बेतहाशा रेत खनन, बांधों, बैराजों, प्रदूषण और अवैध मछली पकड़ने के कारण क्षतिग्रस्त हुई हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, चंबल जैसे क्षेत्रों में अत्यधिक और अवैध रेत खनन ने घड़ियालों के घोंसले बनने वाली रेत पट्टियों को नष्ट कर दिया है। कई क्षेत्रों में तो घोंसले लगभग समाप्त हो चुके हैं। घड़ियालों की 90 फीसदी से अधिक मौतें मॉनसून के बाद पहले तीन महीनों में होती हैं यह दिखाता है कि केवल अंडे देना और बच्चे निकलना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका जीवित रहना ही असली चुनौती है। घड़ियाल का संरक्षण अपने आप में रेत खनन पर नियंत्रण की मांग को जन्म देता है, जो बाढ़ नियंत्रण से लेकर जलप्रवाह की गुणवत्ता तक, कई प्राकृतिक संतुलनों को बनाए रखने में सहायक होता है। मद्रास क्रोकोडाइल बैंक ट्रस्ट द्वारा 2008 में शुरू किए गए घड़ियाल इकॉलॉजी प्रोजेक्ट के प्रमुख अन्वेषक प्रो. जेफरी लैंग के अनुसार हअब जरूरत है कि हम नदी पारिस्थितिकी की संपूर्णता पर ध्यान दें। घड़ियाल संरक्षण के प्रयास तब तक सार्थक नहीं होंगे जब तक कि नदियां अपने प्राकृतिक रूप में मुक्त बहने वाली न हों, उनमें बांध बैराज न्यूनतम हों और रेत खनन नियंत्रित हो। इसी तरह, नेचर कंजर्वेशन सोसाइटी के सचिव राजीव चौहान कहते हैं, हबंदी प्रजनन और पुनर्वास केवल एक 'बैंड-ऐड' उपाय है। जब तक हम प्रवाह, मत्स्य पालन और रेत खनन पर सख्त नियंत्रण नहीं रखते, तब तक मगरमच्छों के पुनर्वास के प्रयास व्यर्थ है। ओडिशा ही एकमात्र राज्य है, जहां तीनों मगरमच्छ प्रजातियां - खारे पानी के मगर (भितरकनिका), घड़ियाल (सतकोसिया) और मगरी (सिमलीपाल) - पाई जाती हैं। पश्चिम बंगाल में सुंदरबन के बाद भितरकनिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा मैंग्रोव वन है।

दोनों क्षेत्र भारत में खारे पानी के मगरमच्छों के तीन गढ़ों में से हैंय तीसरा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह है। वर्ष 2025 की जनगणना में 1826 खारे पानी के मगर, 16 घड़ियाल और लगभग 300 मगरी गिने गए। हालांकि यह संरक्षण की सफलता दर्शाता है, लेकिन हाल ही में भितरकनिका और उसके आसपास के इलाकों में इंसानों और मगरमच्छों के बीच संघर्ष बहुत बढ़ गया है। पिछले साल जून और अगस्त के बीच पार्क और उसके आसपास मगरमच्छों के हमलों में एक 10 वर्षीय लड़के सहित छह लोगों की मौत हो गई थी। वहां अब इन इलाकों में बाड़बंदी और चेतावनी प्रणाली जैसे उपाय लागू किए जा रहे हैं। एक ताजा अध्ययन में पाया गया है कि आने वाले दशकों में जलवायु परिवर्तन से घड़ियालों के लिए उपयुक्त क्षेत्र 36 फीसदी से 145 फीसदी तक बढ़ सकता है - विशेषतरू उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, असम, उत्तराखंड जैसे राज्यों में। वहीं ओडिशा और राजस्थान जैसे राज्य शायद अपनी उपयुक्तता खो बैठेंगे। अध्ययनकर्ताओं ने सिफारिश की है कि ब्रह्मपुत्र और महानदी घाटियों में संभावित क्षेत्रों का मैदानी सर्वेक्षण किया जाए, उन्हें संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए और स्थानीय समुदायों को संरक्षण



प्रक्रिया में सहभागी बनाया जाए। घड़ियाल संरक्षण के 50 वर्षों का अनुभव हमें यही सिखाता है कि सिर्फ प्रजाति पर केंद्रित नीतियां नाकाफी है। जब तक हम नदियों को, उनके प्रवाह को, उनकी जैव विविधता को, उनके किनारे के समुदायों को संरक्षण नीति का हिस्सा नहीं बनाएंगे, तब तक घड़ियाल जैसे जीव केवल सरकारी आंकड़ों में ही जीवित रहेंगे।

**-स्रोत फीचर्स**

## संक्षिप्त समाचार

### पाक में बंदूकधारी हमलावरों ने सात को उतारा मौत के घाट

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पिकनिक से लौट रहे दोस्तों के एक समूह पर अज्ञात बंदूकधारियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल बताया जा रहा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि पीड़ितों पर शनिवार देर रात पेशावर से लगभग 65 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में कोहाट जिले के उपनगरीय इलाके रेगी शिनो खेल में हमला किया गया। वे टांडा बांध से अपने पैतृक गांव खरा घारी मुहम्मद जई लौट रहे थे।

### रूस की 2036 से पहले शुक्र ग्रह पर दोबारा जाने की योजना

**व्लादिवोस्तोक।** रूस 2036 से पहले शुक्र ग्रह पर फिर से जाने के लिए अपने वेनेरा-डी अंतरग्रहीय मिशन के प्रक्षेपण की योजना बना रहा है और इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने रविवार को दी। तास समाचार एजेंसी ने रूसी विज्ञान अकादमी के अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान में ग्रह भौतिकी विभाग के प्रमुख ओलेग कोराबलेव के हवाले से कहा कि यह मिशन अब देश के नए राष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का हिस्सा है और मिशन पर प्रारंभिक डिजाइन का काम जनवरी 2026 में शुरू होगा।

### इराक ने आईएस के दो ठिकानों पर हवाई हमले किए

**बगदाद।** इराकी सुरक्षा बलों ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के ठिकानों पर दो हवाई हमले कर वहां छिपे कुछ आतंकवादी मार गिराये हैं। इराकी संयुक्त अभियान कमान (जेओसी) ने यह जानकारी दी है। जेओसी ने एक बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर, पहला हमला मंगलवार को एफ-16 विमानों से सलाहुद्दीन प्रांत में आईएस के एक महत्वपूर्ण ठिकाने को निशाना बनाकर किया गया, जिससे वहां मौजूद आतंकवादी मारे गए। दूसरा हमला उत्तरी किरकुक प्रांत में आईएस के एक और ठिकाने को निशाना बनाकर गुरुवार को किया गया।

### उत्तरी चीन में अचानक आई बाढ़ से आठ लोगों की मौत

**होहोट।** उत्तरी चीन के आंतरिक मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में शनिवार देर रात अचानक बाढ़ आने से आठ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग लापता हो गये। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उराद रियर बानेर के जनसंपर्क विभाग के अनुसार यह आपदा शनिवार रात लगभग 10 बजे बयानूर शहर के उराद रियर बानेर में नदी के ऊपरी क्षेत्र में आई जिसमें 13 शिविरार्थी लापता हो गए। रविवार सुबह 10 बजे तक एक व्यक्ति को बचा लिया गया, आठ लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और चार लोग लापता हैं।



जम्मू-कश्मीर। अनंतनाग जिले के पहलगाम में 'तिरंगा रैली' में भाग लेते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्य।

# अमेरिका को लगता है, वो मनमानी कर लेगा

## मशहूर अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने भारत पर टैरिफ लगाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को लताड़ा

**वॉशिंगटन।** मशहूर अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने भारत पर भारी भरकम टैरिफ लगाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को जमकर लताड़ लगाई है। सैक्स ने ट्रम्प की टैरिफ नीति को बेवकूफी भरा बताया और कहा कि इससे अमेरिका को कुछ हासिल नहीं होगा।



■ यह हमारी राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी खराब है, ट्रम्प की नीतियां असफल ही होंगी

न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में जेफ्री सैक्स ने कहा कि ट्रम्प का टैरिफ लगाने का फैसला साफ तौर पर उनकी ब्रिक्स संगठन के सदस्य देशों के प्रति दुश्मनी को दिखाता है। जेफ्री ने कहा इतना ज्यादा टैरिफ लगाने का कोई मतलब नहीं। ये सही नहीं है। इससे कुछ नहीं होगा। भारत पर टैरिफ लगाना हर लिहाज से बेवकूफी है। अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प भ्रम में जी रहे हैं। उन्होंने कहा अमेरिका ने लंबे समय तक इस दुनिया पर अपना प्रभुत्व बनाकर रखा और उन्हें अब भी लगता है कि वे दुनिया पर अपनी मनमानी चला सकते हैं। सैक्स के अनुसार, अमेरिका द्वारा भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ न सिर्फ अमेरिका की खुद की अर्थव्यवस्था के लिए को नुकसान पहुंचाएगा। सैक्स ने कहा टैरिफ में सबकुछ गलत है। यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था को तबाह कर देगा और यह अंतर्राष्ट्रीय कानून व्यवस्था का भी उल्लंघन है। यह हमारी राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी खराब है। ट्रम्प की नीतियां असफल ही होंगी। अर्थशास्त्री ने भारत को अमेरिका के प्रति सतर्क रुख करने की भी सलाह दी और कहा कि रक्षा और व्यापार के लिए अमेरिका पर निर्भरता भारत के दीर्घकालिक हितों के खिलाफ होगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राजनेताओं को भारत की बिल्कुल भी परवाह नहीं है।

कृपया इसे समझें। चीन के खिलाफ क्वाड में अमेरिका का साथ देकर भारत को दीर्घकालिक सुरक्षा नहीं मिलेगी। भारत खुद एक महाशक्ति है जिसकी दुनिया में अपनी एक स्वतंत्र जगह है। सैक्स ने आश्चर्यजनक रूप से चीन, रूस और ब्राजील को भारत के सच्चे साझेदार देश बताया। सैक्स ने कहा कि भले ही भारत, अमेरिकी आपूर्ति में विविधता लाने में मदद करे, फिर भी उसे वाशिंगटन के साथ अच्छे व्यापारिक संबंधों की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

# टलेगी भारत-अमेरिका बिजनेस डील!

## छठे दौर की बातचीत के लिए ट्रम्प की टीम को भारत आना था, डेयरी प्रोडक्ट्स पर है विवाद

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर बातचीत टल सकती है। यह 25 से 29 अगस्त को होने वाली थी। अब यह बैठक बाद में होने की संभावना है। अब तक इस समझौते के लिए पांच दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है, छठे दौर के लिए अमेरिकी टीम को भारत आना था। इससे पहले अमेरिका ने 6 अगस्त को भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा थी। अमेरिका कृषि और डेयरी क्षेत्रों में अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा है, लेकिन भारत इससे इन्कार कर चुका है।

भारत ने साफ कहा है कि वह किसानों और पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं करेगा। दोनों देश सितम्बर-अक्टूबर 2025 तक बीटीए के पहले चरण को पूरा करने की योजना बना रहे हैं। फरवरी में वाशिंगटन डीसी में मुलाकात के दौरान ट्रम्प और मोदी ने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा था। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा धार्मिक भावना भी जुड़ी हुई हैं। अमेरिका में गायों को बेहतर पोषण के लिए जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) को उनके खाने में मिलाया जाता है। भारत ऐसी गायों के दूध को 'नान वेज मिल्क' यानी मांसाहारी दूध मानता है। भारत की शर्त है कि कोई भी डेयरी उत्पाद तभी भारत में बिक सकता है जब वह यह प्रमाणित करे कि वह पूरी तरह शाकाहारी स्रोत से बना हो। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'स्वदेशी' उत्पादों को बढ़ावा देने और किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के हितों की रक्षा करने का संकल्प दोहराया था। उन्होंने कहा कि भारत अपने किसानों और पशुपालकों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। भारत और अमेरिका का लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब डालर से बढ़ाकर 500 अरब डालर करना है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जुलाई 2025 में भारत का अमेरिका को निर्यात 21.64 प्रतिशत बढ़कर 33.53 अरब डालर हो गया, जबकि आयात 12.33 प्रतिशत बढ़कर 17.41 अरब डालर रहा। अमेरिका इस दौरान भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा, जिसके साथ 12.56 अरब डालर का व्यापार हुआ। अप्रैल से भारत का अमेरिका को निर्यात लगातार बढ़ रहा है। इसी बीच शुक्रवार देर रात को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच यूक्रेन मुद्दे पर अलास्का में बैठक हुई। इस बैठक से उम्मीद थी कि दोनों देशों के बीच तनाव कम होने से भारत पर अतिरिक्त शुल्क में राहत मिल सकती है। ट्रम्प ने कहा कि अगर मुझे प्रतिबंध लगाना पड़ा, तो मैं लगाऊंगा, लेकिन शायद मुझे ऐसा न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि भारत रूस से लगभग 40 प्रतिशत तेल खरीदता है, भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ से रूस से अपना बड़ा ग्राहक खो दिया है।



**अमेरिका कृषि और डेयरी क्षेत्रों में अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा, भारत कर चुका है इन्कार**

### ट्रम्प 22 अगस्त तक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन के पक्ष में

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय नेताओं से कहा है कि वह 22 अगस्त तक रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित करना चाहते हैं। अमेरिकी मीडिया एक्सियोस ने शनिवार को यह जानकारी दी। ज़ेलेंस्की ने शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि वह सोमवार को वाशिंगटन में ट्रम्प से मिलेंगे। एक्सियोस के अनुसार, ट्रम्प ने यूरोपीय नेताओं को सोमवार को व्हाइट हाउस में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया। उधर जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने शनिवार को कहा कि ज़ेलेंस्की और ट्रम्प के बीच सोमवार की बैठक के बाद एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन होने की उम्मीद है। अभी तक, रूसी पक्ष ने सार्वजनिक रूप से त्रिपक्षीय बैठक के लिए कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई है।

# ट्रम्प ने वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की तैनाती बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प राजधानी वाशिंगटन डीसी में और ज्यादा गार्ड तैनात करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके आदेश पर वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना और ओहियो के गवर्नरों ने शनिवार को अपने राज्यों के नेशनल गार्ड्स को वाशिंगटन भेजने की घोषणा की है। वेस्ट वर्जीनिया से 300-400, साउथ कैरोलिना से 200 और ओहियो से करीब 150 नेशनल गार्ड आएंगे।

अभी वाशिंगटन में 800 नेशनल गार्ड्स तैनात हैं। इन्हें सीधा ट्रम्प कंट्रोल करते हैं। इन तीन राज्यों से लगभग 700 एक्स्ट्रा सैनिकों के आने से वाशिंगटन में नेशनल गार्ड की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी। हालांकि नेशनल गार्ड्स की तैनाती को लेकर शनिवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले 12 अगस्त को ट्रम्प ने वाशिंगटन को केंद्र सरकार के कंट्रोल में ले लिया था। उन्होंने कहा कि राजधानी में हालात काबू से बाहर हैं, राजधानी में बिगड़ी कानून व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना जरूरी है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कहा था कि उन्होंने राजधानी में 'डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया होम रूल एक्ट की धारा 740' लागू कर दी है। इसका मतलब है कि डीसी मेट्रोपालिटन पुलिस अब सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करेगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा कि हमारी राजधानी को हिंसक गिरोहों और अपराधियों ने घेर लिया है। 2024 में हिंसक अपराध 30 साल के निचले स्तर पर पहुंचे। हम नेशनल गार्ड की मदद से कानून और व्यवस्था बहाल करेंगे।



■ तीन राज्यों से 700 सैनिक बुलाए, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले थे: राजधानी में हालात काबू से बाहर

# रूस ने 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया

**कीव।** यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस (एसबीयू) ने दावा किया है कि जंग शुरू होने के बाद से रूस ने अब तक 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया है। इन बच्चों को अलग-अलग ठिकानों पर रखकर उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ने के लिए ब्रेनवाश किया जा रहा है।

**दावा: बच्चों को अलग-अलग ठिकानों पर रखकर ब्रेनवॉश करके यूक्रेन के खिलाफ ही जंग लड़ने भेजा जा रहा**

वहीं, येल यूनिवर्सिटी के रिसर्च ग्रुप ने पब्लिक डेटाबेस और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ऐसे 8400 से ज्यादा बच्चों की पहचान की है, जिन्हें यूक्रेन से प्लानिंग के तहत रूस भेजा गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कुछ अरसा पहले कहा था कि हम कम से कम 11,000 बच्चों के नाम तो जानते हैं, जिन्हें जबरन रूस भेजा गया है। एसबीयू ने ऐसी करीब 150 जगहों का पता लगाया है, जहां इन बच्चों को या तो कैम्पों में या उनके कथित दत्तक परिवारों के पास रखा गया है। कुछ बच्चों को मिलिट्री स्कूलों में भर्ती किया गया है। अब तक रूस ने सिर्फ 1200 यूक्रेनी बच्चों को ही वापस भेजा है। यूक्रेन युद्ध की वजह से अब तक 50 लाख से ज्यादा बच्चों को विस्थापित होना पड़ा है। पूर्वी यूक्रेन में रह रहे 16 लाख बच्चों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यूक्रेनी बच्चों की बड़ी आबादी ऐसे मानसिक तनाव से जूझ रही है, जिससे शायद वे कभी उबर नहीं पाएंगे। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) इन बच्चों की किडनैपिंग को वार क्राइम करार दे चुका है।

वहीं नीदरलैंड्स के हेग स्थित इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) इस मामले में रूसी राष्ट्रपति पुतिन को 'वार क्रिमिनल' घोषित करके उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुका है। बीते कुछ महीनों में ट्रम्प के साथ अपनी बातचीत में जेलेंस्की ने बार-बार गुमशुदा बच्चों का मुद्दा उठाया है। मई में अमेरिकी सीनेट के एक ग्रुप ने भी एक प्रस्ताव पेश कर कहा था कि रूस के साथ किसी भी शांति समझौते को अंतिम रूप देने से पहले सभी यूक्रेनी बच्चों की वापसी तय होनी चाहिए। जंग शुरू होने के बाद से अब तक 50 लाख यूक्रेनी बच्चे को पलायन करना पड़ा है।

## सूडान में आरएसएफ के हमले में 31 की मौत, 13 घायल

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के अल फशर शहर में रैपिड सपोर्ट फोर्सेस के हमले में शनिवार को कम से कम 31 लोग मारे गए जिनमें सात बच्चे और एक गर्भवती महिला शामिल हैं। इस हमले में 13 अन्य लोग घायल हो गए। स्वयंसेवी समूह सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि आरएसएफ ने अबू शौक विस्थापन शिविर को जानबूझकर तोपखाने से निशाना बनाकर जघन्य अपराध किया है। बयान में चेतावनी दी गई कि अल फशर की जारी घेराबंदी के कारण दवा, चिकित्सा कर्मचारियों एवं भोजन की भारी कमी हो गई है जिससे हजारों विस्थापित महिलाओं एवं बच्चों को धीमी मौत का सामना करना पड़ रहा है। अबू शौक आपातकालीन कक्ष ने एक बयान में कहा कि शनिवार को शिविर के उत्तरी हिस्से में भारी गोलाबारी हुई जिसके परिणामस्वरूप 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई।

# पाक में बाढ़ से हालात हुए बेकाबू

## 327 लोग गंवा चुके हैं जान

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तरी क्षेत्र में बारिश और बाढ़ से तबाही मचा रखी है। हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। पाकिस्तान में बाढ़ के चलते अब तक 327 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

जबकि मानसूनी बारिश के चलते 26 जून से अब तक 650 लोगों की मौत हो चुकी है। अब मौसम विभाग ने 17 अगस्त से 21 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों के लोगों से एहतियाती उपाय करने की अपील की है। पाकिस्तान के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि मूसलाधार बारिश और बादल फटने के चलते अचानक आई बाढ़ ने खैबर पख्तूनख्वा में कम से कम 327 लोगों की जान ले ली है। अकेले बुनेर में ही 200 से अधिक लोग मारे गए हैं। कम से कम 137 लोग घायल हो गए। बाढ़ के चलते घर ढह गए और पानी के तेज बहाव में कई लोग, मवेशी और वाहन बह गए। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि दूरदराज के गांवों में कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। साथ ही कई लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि लगभग दो हजार कर्मियों के साथ बचाव कार्य जारी है, लेकिन पुलों और संपर्क मार्गों सहित प्रमुख सड़कों के नष्ट होने से राहत कार्य प्रभावित हो रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने चेतावनी दी है कि इस वर्ष सामान्य से पहले शुरू हुई मूसलाधार बारिश अगले दो सप्ताह तक और अधिक तीव्रता के साथ जारी रहने की उम्मीद है।

खैबर पख्तूनख्वा में काम कर रही बचाव एजेंसी के प्रवक्ता बिलाल अहमद फैजी ने कहा कि भारी बारिश, भूस्खलन और सड़कें बहनें से बचाव कार्यों जैसे मशीनरी और एंबुलेंस के परिवहन में परेशानी आ रही है। कुछ इलाकों में मजदूरों को आपदा स्थलों तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी पैदल चलने पर मजबूर होना पड़ रहा है। वे बचे हुए लोगों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बहुत कम लोग ही अपने रिश्तेदारों या प्रियजनों की मलबे में फंसकर हुई मौत के कारण वहां से निकल पा रहे हैं।



■ मानसूनी बारिश के चलते 26 जून से अब तक 650 लोगों की मौत हो चुकी सेना भी चला रही अभियान

# ईरान-रूस बढ़ाएंगे आपसी सहयोग

**तेहरान।** ईरानी उपराष्ट्रपति मोहम्मद-रज़ा आरेफ़ और रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तीन ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के विस्तार का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के अनुसार, किर्गिस्तान के चोलपोन-अता में यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) के सम्मेलन से इतर एक बैठक में, दोनों देशों ने साझा हित के क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

आरेफ़ ने क्षेत्रीय मुद्दों से निपटने में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए रूस से द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने ऊर्जा, पर्यटन, परिवहन और पारगमन गलियारों को लेकर आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि दोनों देशों को अपनी वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियां साझा करनी चाहिए और विदेशी हस्तक्षेप के बिना बहुपक्षवाद की रणनीति अपनाते हुए क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करनी चाहिए। ईरानी परमाणु कार्यक्रम के बारे में अरेफ़ ने कहा कि उन्होंने हमेशा बातचीत के माध्यम से अपनी परमाणु गतिविधियों के लिए विश्वास बनाने की कोशिश की है लेकिन कुछ पश्चिमी देश इसे एक राजनीतिक मुद्दे में बदल रहे हैं। रूसी प्रधानमंत्री ने पिछले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग में उल्लेखनीय वृद्धि की सराहना करते हुए आपसी निरंतर एवं रचनात्मक राजनयिक संपर्कों पर प्रकाश डाला और विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यटन में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

■ रूसी प्रधानमंत्री ने पिछले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग में उल्लेखनीय वृद्धि की



